Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 117 | मंगलवार, 29 अप्रैल -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया



Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 117 | मंगलवार, 29 अप्रैल -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

### भारत के फैसले से उड़ी नींद

# पानी के बाद अब दवाओं के लिए तरसने लगा पाकिस्तान

**नई दिल्ली।**

अटारी बॉर्डर अमृतसर में स्थित है। भारत और पाकिस्तान के बीच सबसे ज्यादा व्यापार इसी सीमा के जरिए होता है। भारत के फैसले के बाद पाकिस्तान ने हमारे साथ व्यापार बंद कर दिया है। आपको बता दें कि साल 2024 में भारत और पाकिस्तान के बीच व्यापार 127 प्रतिशत की बंपर वृद्धि के साथ 1.2 बिलियन डॉलर तक पहुँच गया है। ये आँकड़े दूसरे देशों के मुकाबले काफी कम हैं, लेकिन साल 2023 के मुकाबले यह काफी ज्यादा है, क्योंकि 2023 में दोनों देशों के बीच सिर्फ. 0.53 बिलियन डॉलर का व्यापार हुआ। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारत ने पाकिस्तान के साथ सभी तरह के व्यापार रोक दिए हैं। इस कदम से दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया है। भारत ने अटारी-वाघा सीमा बंद कर दी है और इस फैसले से भारत और पाकिस्तान के बीच 3886.53 करोड़ रुपये का सीमा पार व्यापार रुकने की आशंका है। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (ऋळफक) के अनुमान के मुताबिक भारत और पाकिस्तान के बीच सीधा व्यापार बहुत कम है, लेकिन अप्रत्यक्ष माध्यमों से भारत से हर साल 10 अरब डॉलर का सामान पाकिस्त अटारी बॉर्डर अमृतसर में स्थित है। भारत और पाकिस्तान के बीच सबसे ज्यादा व्यापार इसी सीमा के जरिए होता है। भारत के फैसले के बाद पाकिस्तान ने हमारे साथ व्यापार बंद कर दिया है। आपको बता दें कि साल 2024 में भारत और पाकिस्तान के बीच व्यापार 127 प्रतिशत की बंपर वृद्धि के साथ 1.2 बिलियन डॉलर तक पहुँच गया है। ये आँकड़े दूसरे देशों के मुकाबले



काफी कम हैं, लेकिन साल 2023 के मुकाबले यह काफी ज्यादा है, क्योंकि 2023 में दोनों देशों के बीच सिर्फ. 0.53 बिलियन डॉलर का व्यापार हुआ। 2019 में पुलवामा आतंकी हमले से पहले दोनों देशों के बीच व्यापार 3 बिलियन डॉलर तक था। भारत मुख्य रूप से पाकिस्तान को दवाइयाँ, फार्मास्युटिकल सामग्री, चीनी, चाय, कॉफी, कपास, लोहा, इस्पात, टमाटर, नमक, ऑटोमोटिव घटक और उर्वरक भेजता है। दूसरी ओर, भारत पाकिस्तान से मसाले, खजूर, बादाम, अंजीर, तुलसी और मेंहदी की जड़ी-बूटियाँ आदि आयात करता है। दोनों देशों के बीच व्यापार बंद होने के कारण, पाकिस्तान यूएई, सिंगापुर और श्रीलंका जैसे अन्य पड़ोसी देशों के माध्यम से भारतीय सामान आयात करेगा।

# सिंधु नदी पर बन रही नहरों के खिलाफ सिंध में उग्र प्रदर्शन



**इस्लामाबाद।**

पहलगाम हमले के बाद भारत ने भले ही अभी सिंधु नदी का पानी पूरी तरह नहीं रोका, लेकिन पाकिस्तान में सिंधु नदी के पानी के लिए आंदोलन चल रहा है। सिंध प्रांत में सिंधु नदी पर विवादास्पद नहरों के निर्माण के खिलाफ विरोध प्रदर्शन सोमवार को और उग्र हो गया। सिंध के लोगों का कहना है कि नहर बनने से उन्हें पानी की किल्लत होगी, क्योंकि उनके हिस्से का पानी दूसरों राज्यों तक पहुंचाया जाएगा। सिंध को पंजाब से जोड़ने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग प्रदर्शन के चलते कई दिनों से अवरुद्ध है, जिससे लगभग 12 हजार मालवाहक वाहन फंस गए हैं। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ द्वारा बुलाई गई बैठक में भी कोई फैसला नहीं हो सका। बैठक में पाकिस्तान के चारों प्रांतों के मुख्यमंत्रियों के साथ ही वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब, स्वास्थ्य मंत्री मुस्तफा कमाल और कानून मंत्री आजम नजीर तरार ने भाग लिया। इस बीच, सिंध में पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) की प्रांतीय सरकार ने धमकी दी कि अगर संघीय सरकार नहरों के निर्माण की अपनी योजना जारी रखती है तो वे संघीय सरकार से बाहर हो जाएंगे। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पीपीपी अध्यक्ष बिलावल भुट्टो को आश्वासन दिया है कि प्रांतों के बीच सहमति के बिना नहर निर्माण के संबंध में कोई एकतरफा निर्णय नहीं लिया जाएगा।

## पहलगाम आतंकी हमले के बाद हाई अलर्ट पर पाकिस्तान



**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान बॉर्डर अलर्ट पर है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा मुहम्मद आसिफ ने दावा किया है कि भारतीय सेना, पाकिस्तान पर कभी भी हमला कर सकती है। हम हाई अलर्ट पर हैं। इसी बीच पाकिस्तान में पीएम शहबाज शरीफ की अध्यक्षता में कॉमन इंटरेस्ट्स काउंसिल (उउक) की बैठक हुई। बैठक इस्लामाबाद में आयोजित की गई थी। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और चार प्रांतीय मुख्यमंत्रियों ने आज की सीसीआई बैठक में भाग लिया। हालांकि, ये बैठक 2 मई को होनी थी, लेकिन सिंध सरकार के अनुरोध पर आज (28 अप्रैल) ही बैठक बुलाई गई।

## पहलगाम आतंकी हमले का विश्व भर में विरोध



**न्यूयॉर्क।** कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के खिलाफ विश्व भर में विरोध प्रदर्शन जारी हैं। अमेरिका के न्यूयार्क शहर में भी पाकिस्तानी कांसुलेट और टाइम स्क्वायर पर वहां बसे भारतीयों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किए हैं। इसके अलावा, ब्रिटेन की राजधानी लंदन में पाकिस्तानी दूतावास के बाहर प्रदर्शन के दौरान बिल्डिंग का कांच तोड़ने पर एक भारतीय को गिरफ्तार कर लिया गया है। भारतीय प्रदर्शनकारियों ने न्यूयार्क स्थित पाकिस्तानी कांसुलेट के बाहर जिहादी आतंकी हमले का जमकर विरोध किया।

# अमेरिकी विमानवाहक पोत से लाल सागर में गिरा एफ-18 विमान, नौसेना का एक नाविक घायल

**नई दिल्ली।**

अमेरिकी सेना ने सोमवार को बताया कि लाल सागर में एक विमानवाहक पोत से एफ-18 लड़ाकू विमान और उसका टो ट्रैक्टर गिर जाने से अमेरिकी नौसेना के एक नाविक को मामूली चोटें आईं। नौसेना ने एक बयान में कहा कि सभी कर्मियों का पता लगा लिया गया है। वाहक, हैरी ट्रूमैन, यमन में ईरान समर्थित हाउती समूह के खिलाफ हमलों में सहायता कर रहा है। यमन के उत्तरी प्रांत सादा में सोमवार को अमेरिकी हमले में 68 लोगों की मौत हो गई है। ये हमला अफ्रीकी प्रवासियों को रखने वाले एक डिटेंशन सेंटर पर किया गया। इस जेल में 115 कैदी थे। हूती-नियंत्रित टेलीविजन ने सोमवार को अमेरिकी हवाई हमले के रूप में वर्णित किया जिसमें 68 लोग मारे गए। संयुक्त राष्ट्र ने इस हमले पर चिंता जाहिर की। संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने सोमवार को कहा।



# जिपलाइन ऑपरेटर ने तीन बार बोला 'अल्लाह हू अकबर', आतंकी बरसाने लगे गोलियां

**श्रीनगर।**

पहलगाम के बैसरन में जब आतंकी गोलियां बरसा रहे थे तो एक जिपलाइन आपरेटर पर्यटकों को बचाने के बजाए तीन बार 'अल्लाह हू अकबर' का नारा लगाते हुए उन्हें तार पर लटकी लिफ्ट पर आगे धकेल रहा था।

हमले की जांच कर रही एनआइए ने सोमवार को जिपलाइन ऑपरेटर समेत छह लोगों को कथित तौर पर पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। इनमें से पांच ने वीडियो शूट किए हैं। इस नरसंहार की जांच कर रही सुरक्षा एजेंसियों ने 188 विभिन्न सेवा प्रदात्ताओं व होटल ऑपरेटर को कथित तौर पर पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। इस बीच, श्रीनगर में पुलिस ने 36 पूर्व और सक्रिय आतंकियों व उनके ओवरग्राउंड वर्करों (मददगारों) के ठिकानों की तलाशी ली है। इनमें एक महिला भी है।



## चिदंबरम के विरुद्ध आरोप तय करने से रोका नहीं जा सकता

**नई दिल्ली।** आइएनएक्स मीडिया मामले में पूर्व वित्त मंत्री पी. चिदंबरम की याचिका विरोध करते हुए सीबीआइ ने कहा कि चिदंबरम और उनके बेटे कार्ति चिदंबरम के खिलाफ दलीलें सुनने और आरोप तय करने से ट्रायल कोर्ट को नहीं रोका जा सकता है। जांच एजेंसी ने ट्रायल कोर्ट के समक्ष कार्यवाही स्थगित करने की चिदंबरम की याचिका का विरोध किया। न्यायमूर्ति रविंदर डुडेजा की पीठ के समक्ष सीबीआइ के अधिवक्ता ने कहा कि आरोप अभी तय नहीं किए गए हैं और आगे की जांच जारी रह सकती है।

# 'ये दिखावटी कार्रवाई', रामजीलाल सुमन पर हमले के आरोपियों को छोड़ने पर बिफरे अखिलेश यादव



**अलीगढ़।**

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक्स के माध्यम से कहा कि भाजपा राज में एक दलित सांसद के ऊपर हुए जानलेवा हमले पर दिखावटी कार्रवाई की गई। अगर 24 घंटे में ही छोड़ना था, तो गिरफ्तार ही क्यों किया था। उत्तर प्रदेश का पीडीए समाज ये नाइंसाफी देख रहा है। सपा सासंद रामजीलाल सुमन पर हमले के आरोपियों की रविवार शाम गिरफ्तारी व चंद घंटों में रिहाई से सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव काफी खफा हैं। उन्होंने सोमवार देर शाम इसे दिखावटी कार्रवाई करार देते हुए एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा है कि चट गिरफ्तारी, पट जमानत, सपा सासंद पर हमला करने वाले सभी आरोपी रिहा। सपा अध्यक्ष ने अपनी पोस्ट में लिखा है कि ये है भाजपा राज में एक अनुसूचित सासंद के ऊपर हुए जानलेवा हमले पर की गई दिखावटी कार्रवाई। अगर 24 घंटे में ही छोड़ना था तो गिरफ्तार ही क्यों किया था। उप्र का पीडीए समाज ये नाइंसाफी देख रहा है। उप्र में ह्यमहा अन्यायराज है। और कुछ नहीं कहना है। बता दें कि सोमना मोड़ पर सुमन के काफिले पर हमले के बाद रविवार शाम मुकदमे के आधार पर पुलिस ने राजपूत करणी सेना के जिला संयोजक कृष्णा ठाकुर सहित पांच लोग गिरफ्तार किए थे। मगर देर रात उनको शांति भंग में पाबंद कर एसडीएम गभाना के समक्ष पेश किया था। जहां से उनको निजी मुचलके पर छोड़ दिया गया था।

### कांग्रेस ने अपने नेताओं को जारी किया निर्देश

# 'पहलगाम मुद्दे पर पार्टी लाइन से अलग बयान न दें'



**नई दिल्ली।**

कांग्रेस की ओर से यह आदेश ऐसे समय में आया है जब इस हमले पर पार्टी के कुछ नेताओं की टिप्पणियों ने विवाद को जन्म दे दिया है, जिसमें कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया का बयान भी शामिल है।

अब युद्ध की कोई जरूरत नहीं है कहने के बाद विवाद खड़ा होने के एक दिन बाद, कर्नाटक के सीएम ने रविवार को स्पष्टीकरण जारी किया। कांग्रेस ने सोमवार को अपने पार्टी नेताओं से पहलगाम आतंकी हमले पर ऐसी कोई टिप्पणी न करने को कहा जो इस मुद्दे पर पार्टी के आधिकारिक रुख से अलग हो। सूत्रों के अनुसार, कांग्रेस ने निर्देश दिया, 'पहलगाम मुद्दे पर पार्टी लाइन से अलग बयान न दें।' कांग्रेस की ओर से यह आदेश ऐसे समय में आया है जब इस हमले पर पार्टी के कुछ नेताओं की टिप्पणियों ने विवाद को जन्म दे दिया है, जिसमें कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया का बयान भी शामिल है। अब युद्ध की कोई जरूरत नहीं है कहने के बाद विवाद खड़ा होने के एक दिन बाद, कर्नाटक के सीएम ने रविवार को स्पष्टीकरण जारी किया।

### 'छोटा पैकेट बड़ा धमाका'

# वैभव सूर्यवंशी ने 14 साल की उम्र में रिकॉर्डबुक को हिलाया

**नई दिल्ली।**

राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने सोमवार को गुजरात टाइटंस के गेंदबाजों की जमकर कुटाई की। इस मैच में वैभव ने 17 गेंदों पर अर्धशतक पूरा किया और इसी के साथ रिकॉर्ड भी बना दिया। वैभव आईपीएल में अर्धशतक जमाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने 14 साल में ये काम किया है। वह यहीं नहीं रुके। उन्होंने 35 गेंदों पर शतक जमाया और रिकॉर्ड बना दिया।

वह इसी के साथ आईपीएल में सबसे तेज शतक बनाने वाले भारतीय बन गए हैं। वैभव ने शुरूआत से ही तेजी दिखाई और ताबड़तोड बल्लेबाजी की। उन्होंने 50 रन बनाने के लिए छह छक्के और चार चौकों का सहारा लिया। सूर्यवंशी ने वॉशिंगटन सुंदर द्वारा फेंके गए पांचवें ओवर में दो छक्के और दो चौके मारे। इससे पहले ईशांत शर्मा द्वारा फेंके गए चौथे ओवर में दो चौके और एक छक्का मारा। वैभव ने आईपीएल में फिफ्टी जमाने वाले सबसे युवा बल्लेबाज बने हैं। इस मामले में



भी उन्होंने राजस्थान के रियान पराग को पीछे छोड़ा है जिन्होंने 17 साल 175 दिनों में फिफ्टी बनाई थी। वैभव ने 14 साल 32 दिन में फिफ्टी ठोकी है। अर्धशतक के बाद तो वैभव रुके ही नहीं और ताबड़तोड़ अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए शतक जमा दिया। वह आईपीएल में शतक जमाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी भी बन गए हैं। इसके अलावा वह आईपीएल में सबसे तेज शतक जमाने वाले दूसरे बल्लेबाज हैं। इस मामले में क्रिस गेल पहले नंबर पर हैं जिन्होंने 30 गेंदो पर शत जमाया था। इसी के साथ टी20 में शतक जमाने वाले सबसे युवा बल्लेबाज बन गए हैं। उनसे पहले विजय जोल ने ये काम किया था।

## संपादक की कलम से

# स्थानांतरण में आत्मबोध

प्रशासन में कर्म की परीक्षा कभी मुकम्मल नहीं होती, फिर भी व्यवस्था की आपूर्ति में अधिकारियों के जिम्मे किसी भी सरकार का पूरा कालखंड होता है। हर अधिकारी के फर्ज में सरकार का रुतबा गूंजता है और अगर यही नगीने खनक जाएं तो छवि की पताका पर संदेह होना लाजिमी है। सरकारों का अपना-अपना ट्रांसफर काल भी दिखाई देता है। हम इसे पटवारी से लेकर राज्य के मुख्य अधिकारी तक देख सकते हैं। लोग बेहतर समीक्षक होते हैं और कई बार सरकारों के ट्रांसफर आर्डरों का विरोध भी करते हैं, लेकिन जनापेक्षाएं भी सियासत की तरह अकसर मोम नहीं होतीं। नुकीले प्रश्नों की आबरू में सबसे ज्यादा पैमाइश और आजमाइश प्रशासनिक अधिकारियों की ही होती है, जहां हर पड़ाव एक ट्रांसफर है। जाहिर है धर्मशाला से भरमौर भेजे गए एसडीएम संजीव कुमार भोट के ट्रांसफर आर्डर भी पड़ाव रहे होंगे, लेकिन जिन संदेहों की बरसात हो रही है, उन्हें सिरे से नकारा भी नहीं जा सकता। भोट सिर्फ एक अधिकारी या सेवा काल का बिछौना नहीं कि चंद दिनों में किन्नौर, डोडरा-क्वार, धर्मशाला और अब भरमौर में प्रशासनिक अधिकारी बना कर बिछा दिया जाए। संजीव भोट से जुड़ी अपेक्षाएं एक आदमी से नहीं, उनकी क्षमता में अधिकार प्राप्त अधिकारी से हैं। जाहिर है सरकार को भरोसा है, इसलिए चौथी जगह एसडीएम बनाए गए, लेकिन बार-बार के स्थानांतरण उनके व्यक्तिगत व प्रशासनिक जीवन को कहीं न कहीं हास्यास्पद बनाते रहे हैं। यही वजह रही कि इस अधिकारी ने अपने क्षोभ की परिणति में पद से ही त्यागपत्र देकर अपनी प्रशासनिक कुंडली में विराम और सचिवालय की एक जुंडली में अविश्वास लिख दिया। यह कोई छोटी घटना नहीं, बल्कि इसने विमल नेगी से जुड़े संदेहास्पद घटनाक्रम में एक नया सवाल जोड़ दिया है। संजीव भोट के सजीव बोध को सौ फीसदी सत्य न मानें, लेकिन यह मंजर आत्म संतुष्टि का नहीं, आत्मचिंतन का जरूर है। अपने ट्रांसफर आर्डर को रेखांकित करते भोट ने जो सवाल उठाए हैं, उनके साथ प्रशासनिक अधिकारियों की एक रूठी हुई शाखा हो सकती है। कुछ तहें भले ही ढकी रहें, लेकिन सड़ांध को ढांपना मुश्किल है। क्यों एक अधिकारी के लिए नौकरी से इस्तीफा देना आसान हो गया और क्यों वह इस सुलूक को स्वर्गीय नेगी के मजमून तक ले गया। संजीव भोट को स्थानांतरित करना विशेषाधिकार रहा होगा या कुछ कारण भी गिने जा सकते हैं, लेकिन जनता की कचहरी में हर ट्रांसफर एक व्यक्ति नहीं नया विश्वास है। इसी परिप्रेक्ष्य में किसी स्कूल में ट्रांसफर आर्डर पर आनेवाला एक व्यक्ति नहीं, एक अध्यापक होता है। दुर्भाग्य से आजकल कर्मचारी-अधिकारी मोहरबंद होने लगे हैं। सरकारी नौकरी सियासी कैडर में विभक्त होने लगी है। अस्थायी सत्ता के करीब सरकारी कार्यसंस्कृति ने स्वयं को इतना कमजोर कर लिया है कि प्रशासनिक सेवाओं में लोग नेताओं के आगे पानी भरते दिखाई देते हैं। इसी संदर्भ में राजधानी की चुगलियां प्रदेश सचिवालय को ट्रांसफर का गढ़ नहीं बना सकतीं, यह असंभव है। हम तो चाहेंगे कि नेगी मौत की जांच के आसपास अगर अधिकारियों के मनोविज्ञान को पढा है, तो संजीव भोट के उद्वेलित प्रश्नों को भी परख लेना चाहिए।



ललित शर्मा
संपादक

## मुझसे अब कविता नहीं होती

डॉ.गीतांजलि नीरज अरोड़ा



कविता

रो–रोकर मेरी कलम मुझसे कहती
मुझसे अब कविता नहीं होती*
कैसे लिखूं...?
उस विधवा के श्रृंगार को
हाथों की मेहंदी की पुकार को
टूटी हुई चूड़ियों की खनकार को
खामोश हो गई पायल की झंकार को
चंद रातों में उसके दिए हुए प्यार को
बसने से पहले उजड़ गए घर संसार को
मिलन के संजोए हसीन सपने हुए तार– तार को
चांद के उगते ही छाए अंधकार को
रो–रोकर मेरी कलम मुझसे कहती
मुझसे अब कविता नहीं होती

कैसे लिखूं...?
पिता के कंधों पर बेटे की अर्थी के भार को
अस्थि प्रवाह करते पिता के हृदय की चित्कार को
अग्नि देती बहन के आंसुओं की धार को
बहन की राखी के अंतहीन इंतजार को
शहनाई के बजते ही श्मशान सा सन्नाटे छाए घर द्वार को
रो रोकर मेरी कलम मुझसे कहती
मुझे अब कविता नहीं होती

कैसे लिखूं..?
मानवता को शर्मसार करते नरसंहार को
कश्मीर घाटी में निदोर्षों पर होते अत्याचार को
पहलगाम की धरती पर बहती खून की धार को
कैसे लिखूं... कैसे लिखूं..?
रोकर मेरी कलम मुझसे कहती
मुझसे अब कविता नहीं होती

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया । संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# गर्मियों में रसोई घर में खाना बनाना हो जाता है मुश्किल तो अपनाएं ये टिप्स, तपती गर्मी में भी रहेगा कूल-कूल

आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ आसान टिप्स के बारे में बताने जा रहे हैं, इन टिप्स को फॉलो करके आप अपने रसोई घर को आरामदायक और ठंडा बना सकते हैं। वहीं इससे किचन की गर्मी भी काफी हद तक कम की जा सकती है। महिलाओं का अधिकतर समय किचन में बीतता है। वहीं गर्मियों में कूलर और एसी के बिना रहना काफी मुश्किल होता है। वहीं महिलाओं को ऐसी गर्मी में लंबे समय तक किचन के कामों में लगा रहना पड़ता है। गर्म ओवन, उबलते बर्तन और खराब वेंटिलेशन की वजह से गर्मियों में रसोई भट्टी में बदल जाता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ आसान टिप्स के बारे में बताने जा रहे हैं, इन टिप्स को फॉलो करके आप अपने रसोई घर को आरामदायक और ठंडा बना सकते हैं। वहीं इससे किचन की गर्मी भी काफी हद तक कम की जा सकती है।

**हरियाली और पर्दे का करें इस्तेमालः** अगर आपका किचन बड़ा है और बड़ी खिड़कियां लगी हैं, तो उनको दिन के समय बंद रखना चाहिए। वहीं रोशनी और गर्मी को रोकने के लिए खिड़कियों में हल्के रंग के सूती पर्दे लगाना चाहिए। वहीं अलमारियों पर इनडोर कूलिंग प्लांट लगा सकती हैं। हरियाली की वजह से किचन का वातावरण ठंडा और आरामदाय हो सकता है। वहीं आप किचन के बाहर भी कुछ पौधे लगा सकती हैं। वहीं किचन की गर्मी को हटाने के लिए समय-समय पर खिड़की खोलते रहना चाहिए।



**चिमनी और एग्जॉस्टः** अगर आपके किचन में चिमनी या एग्जॉस्ट फैन लगा है, तो गर्मियों में आपको इनका इस्तेमाल जरूर करना चाहिए। क्योंकि यह भाप, नमी और धुएं आदि को कम करने में मदद करती हैं और शरीर को भी सूखा व आरामदायक रखते हैं। गर्मी में चिमनी या एग्जॉस्ट फैन का इस्तेमाल करने से किचन लंबे समय तक ठंडा रहेगा।


**सुबह जल्दी बनाएं खानाः** गर्मियों में सुबह 11 बजे से लेकर दोपहर 1 बजे तक बहुत गर्मी होती है। इसलिए अगर सुबह जल्दी खाना बना लेना चाहिए। हालांकि कई लोग दोपहर में 11 बजे के बाद खाना बनाना शुरू करते हैं। वहीं इस दौरान सूरज की रोशनी तेज होती है। इसलिए सुबह जल्दी नाश्ता बनाकर दोपहर का खाना भी जल्दी बनाने का प्रयास करें। खासकर उन चीजों को सुबह जल्दी तैयार कर लें, जिनको बनने में ज्यादा समय लगता है।

## परशुराम जयंती पर विशेष

# त्रेता और द्वापर युग से चिरंजीवी है भगवान परशुराम !

भगवान विष्णु के अवतार भगवान परशुराम चिरंजीवी हैं। वे भगवान श्रीराम के समय भी थे और भगवान श्रीकृष्ण के समय भी मौजूद रहे,वही आज भी उन्हें साक्षात जीवित देव ही माना जाता है। भगवान परशुराम ने ही श्रीकृष्ण को सुदर्शन चक्र उपलब्ध कराया था। किदवदन्ति है कि महेंद्रगिरि पर्वत भगवान परशुराम की तपस्या स्थली रही है और उसी पर्वत को कल्पांत तक तपस्या के लिए उन्होंने चुना ।कहते है, एक बार भगवान गणेश ने परशुराम को शिव दर्शन करने से रोक दिया था ,जिससे रुष्ट होकर परशुराम ने उन पर अपने फरसे से प्रहार किया, जिससे उनका एक दांत टूट हो गया और तभी से वे एकदंत हो गए। त्रेतायुग में सीता स्वयंवर में शिव धनुष टूटने पर वे पहले बहुत नाराज हुए और फिर क्रोध शांत होने पर श्रीराम का सम्मान भी किया ।द्वापर युग में उन्होंने असत्य वचन के लिए दंड स्वरूप कर्ण को सारी विद्या विस्मृत होने का श्राप दिया था ,साथ ही भीष्म, द्रोण व कर्ण को शस्त्र विद्या प्रदान की थी ।भगवान परशुराम को

विष्णु का छठा ' अवतार' माना जाता है ।जबकि श्रीराम सातवें अवतार थे। भगवान परशुराम का जन्म 5142 वि.पू. वैशाख शुक्ल तृतीया के प्रथम प्रहर में हुआ था। इनका जन्म सतयुग और त्रेता का संधिकाल भी माना जाता है ।भगवान परशुराम का जन्म 6 उच्च ग्रहों के योग के समय में हुआ। जन्म तिथि अक्षय तृतीया होने कारण इसी दिन परशुराम जयंती मनाई जाती है। साहित्यकार शिवकुमार सिंह कौशिकेय द्वारा किये गए एक शोध के तहत परशुराम का जन्म वर्तमान बलिया के खैराडीह में बताया गया है। उत्तर प्रदेश के शासकीय बलिया गजेटियर में परशुराम का चित्र सहित संपूर्ण विवरण उपलब्ध होना बताया गया है। एक किंवदंती में मध्यप्रदेश के इंदौर के पास स्थित महू से कुछ ही दूरी पर स्थित जानापाव की पहाड़ी पर भगवान परशुराम का जन्म होना बताया गया है। यहां पर परशुराम के पिता ऋर्षि जमदग्नि का आश्रम है। कहते हैं कि प्रचीन काल में इंदौर के पास ही मुंडी गांव में स्थित रेणुका पर्वत पर माता रेणुका रहती थीं। एक अन्य मान्यता में छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में घने जंगलों के बीच स्थित कलचा गांव में स्थित एक शतमहला है। जमदग्नि ऋषि की पत्नी रेणुका इसी महल में रहती थीं और भगवान परशुराम को उन्होंने यही जन्म दिया था। शाहजहांपुर के जलालाबाद में जमदग्नि आश्रम से करीब दो किलोमीटर पूर्व दिशा में हजारों साल पुराने मन्दिर के अवशेष मिलते हैं जिसे भगवान परशुराम की जन्मस्थली कहा जाता है। महर्षि ऋचीक ने महर्षि अगत्स्य के अनुरोध पर जमदग्नि को महर्षि अगत्स्य के साथ दक्षिण में कोंकण प्रदेश मे धर्म प्रचार का कार्य करने लगे। कोंकण प्रदेश का राजा जमदग्नि की विद्वता पर इतना मोहित हुआ कि उसने अपनी पुत्री रेणुका का विवाह इनसे कर दिया। इन्ही रेणुका के पांचवें गर्भ से भगवान परशुराम का जन्म हुआ। जमदग्नि ने गृहस्थ जीवन में प्रवेश करने के बाद धर्म प्रचार का कार्य बन्द कर दिया और राजा गाधि की स्वीकृति लेकर इन्होंने अपना जमदग्नि आश्रम स्थापित किया और अपनी पत्नी रेणुका के साथ वहीं रहने लगे। राजा गाधि ने वर्तमान जलालाबाद के निकट की भूमि जमदग्नि के आश्रम के लिए चुनी थी। जमदग्नि ने आश्रम के निकट ही रेणुका के लिए कुटी बनवाई थी आज उस कुटी के स्थान पर एक अति प्राचीन मन्दिर बना हुआ है जो आज 'ढकियाइन देवी' के नाम से सुप्रसिद्ध है। भगवान परशुराम के लिए जहां अपने पिता की आज्ञा सर्वोपरि रही वही वे अपने क्रोध व शिव भक्ति के लिए भी जाने जाते है ।कहा जाता है कि एक बार उन्होंने अपने पराक्रम से नदियों तक की दिशा मोड़ दी थी ।वास्तव में भगवान परशुराम एक ऐसे देव है जिन्हें चिरंजीवी होने का गौरव प्राप्त है।



डॉ श्रीगोपाल नारसन एडवोकेट

# आयुष्मान भारत योजना दिवस 30 अप्रैल 2025-स्वस्थ शुरूआत आशापूर्णा भविष्य



गोंदिया

वैश्विक स्तरपर कोविड -19 महामारी के बाद स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्तता, अनिवार्यता व विशेषता का पता चला है,कि इसके बिना किस तरह लाखों लोगों की मौत हो सकती है, इस महामारी ने पूरी दुनियाँ को हिला डाला था,पूर्ण विकसित देशों में तो शायद सबसे अधिक मौतें हुई थी, इसलिए आज हर देश स्वास्थ्य सेवाओं व वैज्ञानिक तकनीक के महत्व पर बल देता है व मध्यम गरीब व निम्न आय वर्ग वालों की स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए अनेक योजनाएं भी अक्सर अनेक देशों में लागू की जा रही है। इन दिनों हम लोग जिस तरह की जीवनशैली जी रहे हैं, उसे देखकर ऐसा कहा जाए कि बीमारियां पैसे देखकर नहीं आती है, तो गलत नहीं होगा। प्रदूषण, खानपान, खाने में एडल्ट्रेशन का इस्तेमाल और फिजिकल वर्क आउट की कमी के कारण बीमारियां लोगों को कम उम्र में ही घेर लेती हैं। बीमारी किसी भी कारण से शरीर में आए, लेकिन जब बात इलाज की आती है, तो जेब खंगालनी ही पड़ती है। भारत जैसे विकासशील देशों में आज भी हर साल हजारों लोगों की मौत सिर्फ पैसों के कारण इलाज न मिलने की वजह से हो रही है। देश के सभी वर्गों को इलाज मिल सके, इसके लिए भारत सरकार द्वारा 2018 में आयुष?मान भारत योजना का शुभारंभ किया गया था। आज हम इस विषय पर चर्चा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि दिनांक 30 अप्रैल 2025 को आयुष्मान भारत योजना दिवस के रूप में प्रतिवर्ष मनाया जाता है जिसमें वर्ष 2025 की थीम स्वस्थ्य शुरूआत आशापूर्ण भविष्य रखी गई है। चूँकि भारत में निम्न आय वर्ग को सस्ती स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए सरकार द्वारा आयुष्मान भारत योजना एक बेहतरीन पहल है व आयुष्मान योजना का उद्देश्य 50 करोड़ से अधिक नागरिकों कोगुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच प्रदान करके सुरक्षा प्रदान करना है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, आयुष्मान भारत योजना दिवस 30 अप्रैल 2025, स्वस्थ शुरूआत आशापूर्णा भविष्य।

साथियों बात अगर हम आयुष्मान भारत योजना को जानने की करें तो,आयुष्मान भारत दिवस आयुष्मान भारत योजना के आदर्शों को आगे बढ़ाने के लिए मनाया जाता है ।यह योजना भारत सरकार के उन उद्देश्यों की पूर्ति को दशार्ती है जो संयुक्त राष्ट्र के तहत सतत विकास लक्ष्यों के साथ संरेखित हैं। भारत की मोदी सरकार ने लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुँच बनाने के लिए इसी उद्देश्य से इस योजना को शुरू किया है ताकि भारत की बड़ी आबादी को बेहतर स्वास्थ्य और उपचार मिल सके। इसमें गरीबी रेखा से नीचे की आबादी शामिल है जो आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाओं का खर्च उठाने में असमर्थ हैं और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ भी प्राप्त कर सकते हैं। आयुष्मान भारत दिवस आयुष्मान भारत योजना के इर्द-गिर्द घूमता है, इस दिन का मुख्य उद्देश्य भारत की एक बड़ी आबादी को स्वास्थ्य सेवा लाभ प्रदान करना है जो अपने लिए आवश्यक चिकित्सा सुविधाओं का खर्च नहीं उठा सकते हैं। आयुष्मान भारत से संबंधित अधिकारी हमारे देश के आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए मैन्युअल रूप से विभिन्न योजनाओं और पहलों को लॉन्च करते हैं। यह दिन आयुष्मान भारत योजना के आदर्शों को बढ़ावा देता है ।यह योजना भारत सरकार के उन उद्देश्यों की पूर्ति को दशार्ती है जो संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के तहत सतत विकास लक्ष्यों के साथ संरेखित हैं। सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज के संबंध में संयुक्त राष्ट्र का मुख्य लक्ष्य किसी को भी पीछे नहीं छोड़ना है।




साथियों बात अगर हमआयुष्मान भारत योजना में 70 से अधिक बीमारियों का इलाज फ्री में करने की करें तो, केंद्र सरकार की इस योजना में आयुष्मान भारत योजना के तहत, लाभार्थी अस्पताल में भर्ती होने, डेकेयर प्रक्रियाओं और सर्जरी जैसी विभिन्न चिकित्सा सुविधाओं का लाभ बिना पैसे खर्च किए उठा सकते हैं। इस योजना में पहले से मौजूद बीमारियां और गंभीर बीमारियां भी शामिल हैं। सरकार द्वारा जारी किए डाटा के अनुसार आयुष्मान योजना में 1393 परिभाषित पैकेज, एक संभावित सर्जिकल पैकेज और 24 विशेषज्ञ क्षेत्र शामिल हैं।, इस योजना में कैंसर, हार्ट डिजीज, किडनी से जुड़ी बीमारियां, कोरोना, मोतियाबिंद, डेंगू, चिकनगुनिया, मलेरिया, घुटना और नी रिप्लेसमेंट, जलने से चोट लगना, नवजात शिशु को हुए रोग, जन्मजात विकार, मोतियाबिंद, सर्जिकल डिलीवरी, और मलेरिया समेत बीमारियों का इलाज सरकार अस्पतालों में किया जा सकता है ।इनबीमारियों के अलावा डबल वाल्वरिप्लेसमेंट पीडियाट्रिक सर्जरी, प्रोस्टेट कैंसर, कोरोनरी आर्टरी बाईपास, पल्मोनरी वाल्व रिप्लेसमेंट, नी और हिप रिप्लेसमेंट, स्कल बेस सर्जरी, टिश्यू एक्सपेंडर, रेडिएशन ओंकोलॉजी, न्यूरो सर्जरी, एंजियोप्लास्टी जैसे सर्जरी को भी आयुष्मान भारत योजना में शामिल किया गया है। साथियों बात अगर हम दिल्ली में दिनांक 28 अप्रैल 2025 को उपरोक्त योजना की तर्ज पर आयुष्मान वय वंदन योजना की शुरूआत की करें तो, जिसके तहत राष्ट्रीय राजधानी के 70 वर्ष या उससे ज्यादा की आयु के नागरिकों को 10 लाख रुपये तक का फ्री इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। दिल्ली की सीएम और केंद्रीय मंत्री ने राष्ट्रीय राजधानी में एक कार्यक्रम में लाभार्थियों को पहला वय वंदना कार्ड वितरित किया।

# उड़ान टैलेंट सर्च पुरूस्कार वितरण समारोह हुआ संपन्न

वेलकम इंडिया




**संतकबीरनगर।** नेशल इण्टर कालेज मुड़डिहा बेग में सम्पन्न हुई उड़ान टैलेंट सर्च परीक्षा के मेधावी छात्र-छात्राओं का पुरस्कार वितरण समारोह कालेज प्रांगण में किया गया। इस परीक्षा में क्षेत्र के कई स्कूलों के करीब 640 छात्र छात्राओं ने भाग लिया था।सपा नेता मोहम्मद अहमद ने कहा शिक्षा हर मनुष्य के लिए आवश्यक है।लेकिन, प्रतियोगिताओं के लिए अतिरिक्त अध्ययन की जरूरत पड़ती है। छात्र असफलता मिलने पर हताश न हों।बल्कि फिर से अपना लक्ष्य निर्धारित करें और सब कुछ भूलकर लक्ष्य प्राप्त करने का प्रयास करें।एनआईसी प्रधानाचार्य मोजीबुल्लाह उन्होंने कहा कि पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए कोचिंग अब गैर-जरूरी हो गई है।क्योंकि इंटरनेट के विभिन्न माध्यमों के जरिए। बल्कि घर पर स्वाध्याय से भी सफलता प्राप्त की जा सकती है। रट्टा मारकर परीक्षा तो पास की जा सकती है। परंतु प्रतियोगि प्रतियोगिताओं की तैयारी आंख-कान खुली रखकर करें। हमेशा सीखने की प्रवृति को ज्यादा से ज्यादा विकसित बनाने पर ध्यान दें। बतौर अतिथि अतीक अहमद नदवी ने कहा कि पहले कम लोगों का रूझान शिक्षा की ओर होता था तो प्रतिस्पर्धा कम थीं। अब अधिकतर लोग शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इसलिए प्रतियोगिताओं में प्रतिस्पर्धा बढ़ गई है। जो विद्यार्थी कड़ी मेहनत के साथ तैयारी करते हैं सफलता उन्हें ही मिलती है। आंख मूंदकर सिर्फ कोर्स की पढ़ाई न करें। अखबारों को रोजाना पढ़े। विद्यार्थियों में सूक्ष्म दृष्टिकोण का विकसित होना जरूरी है। जो भी बारीकी से अध्ययन करेगा, सफलता उसके कदमों में होगी।एजाज अहमद नदवी ने संबोधन में कहा कि सफलता कोई मंजिल नहीं है बल्कि रास्ता है। इसलिए क्षणिक सफलता पर मंत्रमुग्ध होने के बजाय सतत प्रयासरत रहें। सतत प्रयास के कारण ही धीमी गति से चलनेवाला कछुआ जीत गया और तेज गतिवाला खरगोश हार गया। मुख्यअतिथि विपिन जयसवाल कम्युनिकेशन एडमिनिस्ट्रेशन (लिटिल साइंटिस्ट) संतकबीरनगर

ने कहा प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती है।हर बच्चे में प्रतिभा होती है। आज का युग विज्ञान का है। विज्ञान ही हर तकनीक को बेहतर बना रहा है। जिससे देश दुनिया का विकास हो रहा है। श्री जयसवाल ने कहा कि वैज्ञानिक सोच, अभिरुचि, जागरूकता एवं नवाचारों को विकसित करने में विज्ञान प्रदर्शनी का महत्वपूर्ण योगदान है।इससे छात्रों में प्रतिस्पर्धा की भावना के साथ वैज्ञानिक सोच विकसीत होती है। कार्यक्रम के अंत में परीक्षा के कोआर्डिनेटर मोहम्मद अहमद ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन कौसर खान ने किया।इस अवसर पर सह प्रबंधक एजाज मुनीर, प्रबंधक सुहेल अहमद, डायरेक्टर एहतेशामुलहक, प्रबंधक फैजान अहमद, प्रधानाचार्य जमाल अहमद, प्रधान अफजाल अहमद सेहुड़ा, प्रधान शफीक अहमद, अतीक अहमद नदवी, प्रबंधक वसी अहमद खान, प्रधानाचार्य डीके श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य रिजवान अहमद, प्रधानाचार्य मेराज अहमद, फैयाज कुरैशी, प्रधानाचार्य मुजीबुल्लाह कलीम, बदरे आलम, मकसूद अहमद नदवी, सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# डीआईओएस बताएं एनपीएस का 37 लाख कहां गया : संजय द्विवेदी

वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर ।** सोमवार को माध्यमिक शिक्षकों की समस्याओं को लेकर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ का प्रतिनिधि मंडल जिलाधिकारी से मिला। मुलाकात के दौरान शिक्षकों ने जिलाधिकारी को 10 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा और समस्याओं की त्वरित निस्तारण की मांग की।

जिलाधिकारी को दिए गए ज्ञापन में प्रदेश मंत्री संजय द्विवेदी व जिला अध्यक्ष महेश राम ने कहा है कि एनपीएस कटौती का 37 लाख रुपया कहां गया कुछ पता नहीं चल रहा है। जिला विद्यालय निरीक्षक, कोषाधिकारी, वित्त एवं लेखा अधिकारी, शाखा प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक सहित कोई भी जिम्मेदार व्यक्ति इस संदर्भ में कुछ भी बताने को तैयार नहीं है।



नेताद्वय ने कहा है कि शिक्षकों का एनपीएस खाता विगत जुलाई माह 2024 से ही अपडेट नहीं है। एनपीएस अपडेट कराने के साथ ही प्रत्येक महीने की धनराशि सम्बंधित शिक्षकों के खाते में अंतरित कराया जाना सुनिश्चित कराया जाए। जनपद के 34 सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के जूनियर कक्षाओं में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी किताबें नहीं दे रहे हैं। जिससे नवीन शैक्षिक सत्र में उनके पठन-पाठन में कठिनाई आ रही है, सभी विद्यालयों को निशुल्क पुस्तके उपलब्ध कराई जाए।

## छाता में परशुराम चौक पर परशुराम जन्मोत्सव के पावन अवसर किया जाएगा पूजन

**मथुरा/छाता।** छाता मथुरा गोवर्धन रोड स्थित परशुराम चोक पर परशुराम सेवा दल के सदस्यो द्वारा जन्मोत्सव पर भगवान परशुराम जी का पूजन किया जाएगा। जानकारी देते हुए भागवत प्रवक्ता गौरव अविरल सास्त्री ने बताया वैदिक मंत्रों के द्वारा जन जन के आराध्य भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव का कार्यक्रम हर वर्ष की भांति परशुराम चौक पर 29 अप्रैल को शाम 4 बजे परशुराम जी की प्रतिमा का पूजन करके किया जायेगा, और फल प्रसाद का वितरण किया जायेगा।



# सीएमओ ने किया वैर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण

वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर** मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) बुलंदशहर, डॉ. सुनील कुमार दोहरे ने मंगलवार को वैर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने स्वास्थ्य केंद्र में साफ-सफाई, चिकित्सा सुविधाओं, सौंदर्यीकरण कार्यों और उपकरणों की उपलब्धता का गहनता से मूल्यांकन किया।

निरीक्षण के दौरान पाया गया कि स्वास्थ्य केंद्र सौंदर्यीकरण कार्यों से सुसज्जित है और सभी आवश्यक चिकित्सा उपकरणों से पूरी तरह लैस है। मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिस पर सीएमओ ने संतोष व्यक्त किया। श्यहां प्रतीक्षालय में मरीजों के बैठने के लिए उचित इंतजाम किए गए हैं, और दीवारों पर सौंदर्यीकरण कार्य साफ नजर आ रहा है। स्वास्थ्य केंद्र में सभी जरूरी मेडिकल उपकरण मौजूद हैं, जिससे



मरीजों को गुणवत्तापूर्ण इलाज की सुविधा मिल रही है। स्वास्थ्य केंद्र का वातावरण साफ-सुथरा और मरीजों के अनुकूल बनाया गया है। श्वैर स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाएं काफी बेहतर हैं। यहां मरीजों को समय पर उपचार, स्वच्छ वातावरण और सभी आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। हमारी कोशिश है कि जिले के अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में भी इसी तरह की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। हम निरंतर निरीक्षण और निगरानी करते रहेंगे ताकि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में लगातार सुधार हो। निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने मरीजों से बातचीत कर उनकी समस्याएं और सुझाव सुने। निरीक्षण के दौरान स्टाफ की उपस्थिति संतोषजनक पाई गई। सीएमओ ने कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे सेवा भावना से कार्य करते हुए मरीजों को समय पर गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान करें। निरीक्षण के दौरान पीएचसी वैर के प्रभारी सचिन भाटी भी मौके पर मौजूद रहे। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं, स्वच्छता व्यवस्था और मरीजों के इलाज की प्रक्रिया के बारे में सीएमओ को विस्तार से जानकारी दी। सचिन भाटी ने बताया कि स्वास्थ्य केंद्र पर आने वाले प्रत्येक मरीज को समुचित सुविधा एवं समय पर उपचार देने के लिए स्टाफ पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र में लगातार सुधार के प्रयास किए जा रहे हैं ताकि मरीजों को और बेहतर सेवाएं मिल सकें। स्वास्थ्य केंद्र परिसर की स्वच्छता, आकर्षक दीवार चित्रण और उपकरणों की उपलब्धता को विशेष रूप से सराहा गया। निरीक्षण के बाद सीएमओ ने केंद्र प्रभारी और समस्त स्टाफ को प्रशंसा पत्र देने की घोषणा भी की है। इस मौके पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र बदहाल, ग्रामीण कर रहे निजी प्रयोग

निर्मल सैनी वेलकम इंडिया

**लखनऊ।** ग्राम पंचायत गोपालपुर में सरकार की महत्वाकांक्षी योजना ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र जिम्मेदारों की अनदेखी से ग्रामीण पलीता लगाते नजर आ रहे हैं।ग्रामीण केंद्र को निजी प्रयोग कर रहे हैं।




आपको बता दें कि विकासखंड माल की ग्राम पंचायत गोपालपुर में लाखों रुपए खर्च कर एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र बनाया गया।केंद्र का उद्देश्य था कि गांव से कूड़ा-कचरा हटे, प्लास्टिक का सही निस्तारण हो और गलियां साफ-सुथरी रहें।मगर आज ये केंद्र खुद गंदगी की तस्वीर बना खड़ा है।जिम्मेदारों की अनदेखी से केंद्र में ग्रामीणों ने कंडा भर रखा है। गांव में एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र की स्थिति चिंताजनक है।जिम्मेदारों की अनदेखी से लाखों रुपए की लागत से बने इस केंद्र पर कब्जा है। इस संबंध में डीपीआरओ अजीत सिंह गौड़ ने बताया कि आपके द्वारा जानकारी प्राप्त हुई है, जांच कर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## गौशाला की दो मोटरें उड़ा ले गए अज्ञात बदमाश



वेलकम इंडिया

**औरंगाबाद/बुलंदशहर।** ग्राम सुरजावली में कान्हा गौशाला से अज्ञात बदमाश बिजली की दो मोटर चुरा ले गए। ग्राम प्रधान ने पुलिस को लिखित तहरीर देकर चुराई गई मोटरें बरामद किए जाने की मांग की है।

अब गौशाला को भी चोर बख़्श नहीं रहे। ब्लाक लखावटी अंतर्गत ग्राम सुरजावली की अस्थाई कान्हा गौशाला से शनिवार की रात्रि में अज्ञात बदमाश चारा काटने की मशीनों की दो मोटर ले उड़े। चोरी की जानकारी मिलने पर ग्राम प्रधान गजराज सिंह लोधी ने पुलिस को लिखित तहरीर देकर चोरी गई दोनों मोटरों को बरामद किए जाने की गुहार लगाई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मेधावी विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित




वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** सोमवार को क्षेत्र के बाघनगर बाजार स्थित मुस्लिम इ.हायर सेकेंड्री स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन कर माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा घोषित हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में उच्च अंक लाने वाले मेधावी परिक्षार्थियों को सम्मानित किया गया।इन दौरान हाईस्कूल की परीक्षा में विद्यालय टॉपर आकाश कुमार, सूरज कुमार, साकिब अहमद, करन दूबे तथा मोहम्मद अनस का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया तथा उसके उपरांत प्रशस्ति-पत्र तथा शील्ड एवं स्मृति चिन्ह देकर उनकी हौसला-अफजाई की गई।इसके अतिरिक्त इंटरमीडिएट परीक्षा के टॉप-5 होनहार विद्यार्थियों रितेश कुमार, आबिद शेख, अंजू सोनी, सूफिया खातून तथा रहीमा खातून को भी सम्मानित किया गया।इस दौरान डायरेक्टर गुफरान आजम दुर्रानी ने बताया कि सीमित संसाधनों के बीच विद्यालय के बच्चे नित नये आयाम स्थापित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालय के अध्यापकों तथा बच्चों की मेहनत और संघर्ष से यह संभव हो पाया है तथा भविष्य में बच्चों की पढ़ाई के स्तर को और आगे बढ़ाने का प्रयास निरंतर चलत रहेगा। इस दौरान मेधावियों के अभिभावकों के अतिरिक्त डायरेक्टर गुफरान आजम, शाहिद हुसेन, जाहिद हुसेन, रोहित कुमार, रामकेश, शबाना खातून, रूखसाना खातून, मैनावती देवी, बंदना भारती, रामशंकर यादव समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

## पल्लवपुरम दिव्यांग मित्र ट्रस्ट द्वारा संचालित

**मेरठ।** भारतीय दिव्यांग मित्र ट्रस्ट द्वारा संचालित वाणी स्कूल एवं रिसर्च सेंटर, पल्लवपुरम में एक निशुल्क चिकित्सा जांच स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया इस शिविर का उद्देश्य विद्यालय के छात्र–छात्राओ एवं शिक्षकों के स्वास्थ्य की जाँच करना, स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता पैदा करना थो इस शिविर में लगभग डेढ़ सौ दिव्यांग (मूक–बधिर) छात्र–छात्राओ, शिक्षकों और उनके अभिभावकों को चिकित्सा जाँचकर, परामर्श और स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी प्रदान की गयी शिविर में सामान्य जाँच, आँख, कान, दांत व दिमागी जाँच आदि इन रोगों के विशिष्ट चिकित्सको डॉ. सचिन जैन (डेंटिस्ट), डॉ. श्वेता जैन (डेंटिस्ट), डॉ. राजीव जैन, एमएस (ईएनटी), डॉ. अभिनव बंसल, डीएनबी (ठएवफड), डॉ. कनुप्रिया जैन एमएस (नेत्र विशेषज्ञ), डॉ. अजय कुमार जैन, ऊउत्न (बाल रोग विशेषज्ञ) डॉ. गीतांजलि बेंद्रे, एम डी (गायनेकोलॉजी), डॉ. आशुतोष जैन, एम (फिजिशियन) डॉ. पुष्कर खरे, एमएस (ईएनटी) ने छात्र–छात्राओ की जाँच करके अपना परामर्श दिया। कार्यक्रम का शुभारम सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलित कर के किया गया इस कार्येक्रम मे भारतीय दिव्यांग मित्र संस्था के वाइस चेयरमैन श्री एस. पी जैन, सचिव श्री कपिल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष श्री राजेंद्र सिंघल एवं ट्रस्टी श्री एस.के जैन, श्री सुमन जैन, श्री धर्मवीर अरोडा श्री आर.डी तायल, श्री अतिवीर जैन आदि ने उपस्थित होकर कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाया।

# बीएसए कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना अंतर्गत बाबा साहब आंबेडकर जयंती पर भव्य आयोजन

वेलकम इंडिया

**मथुरा।** भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में बीएसए (पीजी) कॉलेज, मथुरा में लैंगिक समानता एवं महिला सशक्तिकरण विषय पर एक भव्य सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला प्रोबेशन अधिकारी श्री विकास चंद्र, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती बुद्धि मिश्रा और महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. ललित मोहन शर्मा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना (ठरर) की दोनों




इकाइयों के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शांतनु कुमार एवं डॉ. चंचल शर्मा के निर्देशन में किया गया। स्वयंसेवकों ने आयोजन को अत्यंत अनुशासित और उत्कृष्ट बनाते हुए नई ऊँचाइयों पर पहुँचाया। जिला प्रोबेशन अधिकारी श्री विकास चंद्र ने कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल शब्दों तक सीमित न रहे, बल्कि व्यवहार में भी दिखाई दे। जब प्रत्येक महिला सशक्त होगी, तभी हमारा देश वास्तविक अर्थों में प्रगति करेगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती बुद्धि मिश्रा ने अपने प्रेरणादायक विचार व्यक्त करते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण एक आंदोलन है, जो शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक समानता के माध्यम से ही सफल हो सकता है। हमें हर स्तर पर इस दिशा में कार्य करना चाहिए। प्राचार्य डॉ. ललित मोहन शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कलबाबा साहब ने हमें जो संविधान सौंपा है, उसमें समानता की भावना निहित है। महिला सशक्तिकरण और लैंगिक समानता समाज के समग्र विकास के लिए अनिवार्य हैं।



# सवर्ण आर्मी की कार्यकारिणी समीक्षा बैठक का हुआ आयोजन

वेलकम इंडिया

**मथुरा।** जनपद में छावनी स्थित सेठ वी. एन.पोद्दार इंटर कॉलेज में रविवार को प्रातः 10:00 बजे से सवर्ण आर्मी की कार्यकारिणी समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया बैठक का संचालन होने से पहले 2 मिनट के लिए पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर मौन धारण किया गया बैठक का संचालन डॉ. दिवाकर चौबे द्वारा किया गया सवर्ण आर्मी के प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश ने अपने विचार रखते हुए कहा आरक्षण के द्वारा सवर्ण समाज का शोषण किया जा रहा है, इस को लेकर सभी सरकारे मौन है एवं आगे की भूमिका तैयार की गई।सवर्ण आर्मी के जिलाध्यक्ष लोकेश ठाकुर से कहा की किसी मेरे समाज के व्यक्ति को अगर मेरी जरुरत पडने पर मैं एक फोन पर उसका सहयोग तन मन धन से करने में तैयार रहूँगा अपने समाज के किसी के भी लिए अनन्या नहीं होने दूंगा। सेठ बी. एन. पोद्दार इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. अजय कृष्ण सारस्वत ने विचार रखते हुए कहा की अब समय आ गया है सवर्ण समाज एक जुट होने का मैं तन मन धन से तैयार हु। के.आर.इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य भगत सिंह ने अपने विचार रखते हुए कहा कि सवर्ण आर्मी को मथुरा से पूर्ण सहयोग मिलेगा सभी को एक होने का संदेश दिया एवं पहलगाम में हुई घटना का उल्लेख किया सतीश गौतम ने अपने सवर्ण समाज को संदेश देते हुए कहा कि इस संगठन के सहयोग के लिए मैं पूर्ण रूप से तैयार हु। इस मौके पर शिक्षक महिपाल शर्मा, शिक्षक शालिग्राम दुबे, इंजी. भावेश कौशिक, पं.आकाश शर्मा, छात्र नेता रमन चतुर्वेदी, पंकज राजपूत, सचिन राघव, कृष्णा उपमन्यु, राजू मास्टर, नकुल, उमेश गौतम, सोनू अग्रवाल, दुष्यंत भारद्वाज, प्रमोद शर्मा, यतीस उपमन्यु, विष्णु शर्मा, गौरव शर्मा, जगमोहन गौतम, अनिल शर्मा एवं संगठन के अन्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# मथुरा के बच्चों को अब भरतनाट्यम सिखवायेंगी हेमा मालिनी

वेलकम इंडिया

**मथुरा/वृंदावन।** अभिनेत्री व सांसद हेमा मालिनी ने मथुरा-वृंदावन के बच्चों के लिए आयोजित कथक प्रशिक्षण कार्यशाला की सफलता पर खुशी व्यक्त करते हुए अगली कार्यशाला भरतनाट्यम नृत्य पर आयोजित कराने का संकल्प जताया है। वह भी उत्तर प्रदेश बृज तीर्थ विकास परिषद एवं नाट्य बिहार केंद्र मुंबई के संयुक्त तत्वावधान गीता शोध संस्थान वृंदावन में करवाने का विचार है। कथक सिखाने ब्रज में पधारी विदुषी उमा डोगरा भी प्रशिक्षण लेने वाली बालिकाओं को आश्वस्त किया कि जल्द कार्यशाला लगवाने के लिए वह मुम्बई में हेमा मालिनी से मिलेंगी। कथक प्रशिक्षण कार्यशाला की रिपोर्ट भी उन्हे देंगी।

कान्हा अकादमी के समन्वय, वृंदावन बाल विकास मंच और हरे कृष्णा आर्किड के सहयोग से स्थानीय गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी के सभागार में तीन दिवसीय कथक नृत्य प्रशिक्षण शिविर का समापन उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद मथुरा के डिप्टी सीईओ सतीश कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ मुंबई से पधारी विदुषी उमा डोगरा, ने कहा कि कथक नृत्य ईश्वर की आराधना है जिसका प्रारंभ भगवान श्री कृष्ण ने कालिया मर्दन लीला के समय किया था कथक नृत्य सीखने के लिए कार्यशाला के समापन पर विशिष्ट अतिथि वैदिक पथिक भागवत किंकर अनुराग शास्त्री ने शुभकामनाएं दीं। सम्मानित अतिथि मथुरा वृंदावन नगर निगम के उपसभापति मुकेश सारस्वत ने कहा कि हेमा मालिनी जी ने नृत्य के प्रति जो परिकल्पना की है, वह अनुकरणीय है। संस्थान के निदेशक प्रोफेसर दिनेश खन्ना ने उमा डोगरा द्वारा नृत्य प्रशिक्षण को वृंदावन और मथुरा की बालिकाओं के लिए अनमोल तोहफा बताया। नृत्य गुरु उमा डोगरा द्वारा सभी प्रतिभागी बच्चों को प्रशस्ति पत्र एवं अतिथिगण द्वारा सुंदर पानी की बोतल वितरित की गई कार्यक्रम में अनूप शर्मा ने हेमा मालिनी द्वारा प्रारंभ किए गए नृत्य धारा कार्यक्रम के बारे में बताया और जानकारी दी कि गीता शोध संस्थान वृंदावन के सभागार में लगाये कैम्प में मथुरा, वृंदावन व बाहर के 65 बालिकाओं, युवतियों व महिलाओं ने कथक सीखा। गीता शोध संस्थान के कोऑर्डिनेटर चंद्र प्रताप सिंह सिकरवार ने अतिथियों का सम्मान व आभार व्यक्त किया। देवेंद्र शर्मा, संजय शर्मा, आरसी गोयल, मेघ श्याम वार्ष्णेय, शेर सिंह, आदि का विशेष सहयोग रहा। संचालन देवेंद्र शर्मा शर्मा ने किया।

# सेंट एंजेल्स ने किया आईआईटी जेईई मेंस में सफलता प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित

वेलकम इंडिया



**बागपत, उत्तर प्रदेश।** विवेक जैन। सेंट एंजेल्स पब्लिक स्कूल बागपत के प्रतिभाशाली 5 छात्र-छात्राओं अंशुल दीक्षित, नव्या बंसल, पृथ्वी चौहान, आर्यन ढाका व अर्शिया ने देश की प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा आईआईटी जेईई मेंन्स क्वालीफाई करके स्कूल व जनपद का नाम रोशन किया। इस अवसर पर स्कूल कैंपस में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें स्कूल प्रबंधक अजय गोयल व प्रधानाचार्य सनोज चौहान ने आईआईटी जेईई मेंस में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को ट्राफी व प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मेधावी छात्र अंशुल दीक्षित ने 98.71 परसेंटाइल, नव्या बंसल ने 98.57 परसेंटाइल, पृथ्वी चौहान ने 98.17 परसेंटाइल, आर्यन ढाका ने 95.96 परसेंटाइल व अर्शिया ने 64.05 परसेंटाइल प्राप्त किया। इस अवसर पर स्कूल में जश्न का माहौल रहा। सभी मेधावी छात्र-छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय स्कूल के शिक्षकों को दिया और बताया कि शिक्षकों द्वारा उन्हें आईआईटी कंपटीशन के अनुरूप मार्गदर्शन दिया गया। जिसके फल स्वरुप उन्होंने यह सफलता प्राप्त की। स्कूल के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के संस्कृति कार्यक्रम का प्रस्तुतिकरण कर मेधावी छात्र-छात्राओं का स्वागत अपने ही अंदाज में किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में आरोही, हर्षिता, खुशी, काव्या, तनिष्का, अविका, अविषा, शांभवी, मदीहा, रिद्धिका, सोनाक्षी, सिफा, भूमिका, आराध्या, तनु, अशफा, कार्तिक, हर्षित, आदि ने प्रतिभाग किया इस अवसर पर बबलेश, अमन, शिवम, कुलदीप, आशीष, राजीव, अश्विनी, विवेक, अमित, ऋषभ, मनीष, अंकुर, संजीव, हनुराज, प्रदीप, इमरान, सागर, ऋतुराज, सत्येंद्र, सुमन, निधि, ज्योति, शालू, सुमन आदि शिक्षक व शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# राष्ट्र के हृदय को झकझोर गया कश्मीर का नरसंहार: मोहिनी कृष्ण

वेलकम इंडिया



**मथुरा/वृंदावन।** भागवत प्रवक्ता मोहिनी कृष्ण दासी ने कहा है कि कश्मीर घाटी में निर्दोष हिंदुओं पर हुए अमानवीय हमले ने सम्पूर्ण राष्ट्र के हृदय को झकझोर कर रख दिया है। ऐसे में हम सभी को सनातन धर्म की रक्षा हेतु एकजुट होना पड़ेगा।

विदुषी मोहिनी कृष्ण दासी जी ने कहा झ्रकश्मीर में जिन हिंदू भाइयों-बहनों को चुन-चुनकर निशाना बनाया गया, उन दिवंगत पुण्यात्माओं को मैं श्रद्धापूर्वक नमन करती हूँ और उनकी आत्मा की शांति हेतु प्रभु श्रीहरि से प्रार्थना करती हूँ।

आतंकवाद मानवता के विरुद्ध सबसे बड़ा अपराध है और इसे किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं किया जा सकता।ॅ समय की पुकार है कि सम्पूर्ण हिन्दू समाज जाति, भाषा, प्रदेश और वर्ग के भेदभाव से ऊपर उठकर 'सनातन धर्म' की रक्षा हेतु एकजुट हो। जब तक हम एक सूत्र में संगठित नहीं होंगे, तब तक इस तरह के हमलों का सामना करना कठिन होगा। हम सभी को 'एक धर्म, एक संस्कृति, एक ध्येय' के संकल्प के साथ आगे बढ़ना होगा।भागवत प्रवक्ता ने भारत सरकार से अपील करते हुए कहा झ्रभारत सरकार आतंकवाद की कमर तोड़े और इस दानवी प्रवृत्ति को जड़ से समाप्त करे। अब समय आ गया है कि पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवाद का करारा और निर्णायक उत्तर दिया जाए, ताकि भविष्य में कोई भी भारत की भूमि पर आतंक फैलाने का दुस्साहस न कर सके।ॅसनातन धर्म न केवल भारत की आत्मा है, अपितु सम्पूर्ण विश्व के कल्याण का आधार है। इसकी रक्षा करना प्रत्येक सनातनी का प्रथम कर्तव्य है। आइए, हम सब मिलकर भगवान श्रीकृष्ण के उपदेश 'धर्म संस्थापनार्थाय सम्भवामि युगे युगे' को स्मरण करते हुए, धर्म की रक्षा और असत्य पर सत्य की विजय का संकल्प लें।ॅ

# सीडीओ की अध्यक्षता में जिला वृक्षारोपण समिति, जिला पर्यावरण समिति एवं जिला गंगा समिति की बैठक हुई आयोजित

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी आलोक कुमार के निर्देश के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला वृक्षारोपण समिति, जिला पर्यावरण समिति एवं जिला गंगा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा वृक्षारोपण जन अभियान-2025 के अन्तर्गत संतकबीरनगर जनपद को आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष समस्त विभागाध्यक्ष को कार्ययोजना उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने समस्त संबंधित अधिकारियों को वृक्षारोपण स्थलों का गणना पंजिका बनाये जाने हेतु निर्देशित किया।

जिला वृक्षारोपण समिति से संबंधित बिंदुओं की समीक्षा के दौरान प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा बताया गया कि जिलाधिकारी द्वारा अन्य विभाग को आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष उनके द्वारा कराये गये वृक्षारोपण के स्थलीय सत्यापन हेतु अर्न्तविभागीय टीम का गठन किया गया है जिसमें सभी कार्यदायी विभाग को मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशित किया है कि सत्यापन रिपोर्ट तत्काल प्रभागीय वनाधिकारी कार्यालय एवं मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय को उपलब्ध करायें। जिला पर्यावरण समिति के कार्यों की समीक्षा के दौरान शासनादेश द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन यथा-प्लास्टिक अपशिष्ट, जैव चिकित्सा अपशिष्ट, ई-वेस्ट, कन्सट्रक्शन एण्ड डिमोलिशन अपशिष्ट आदि के प्रबन्धन एवं प्रभावी प्रदूषण नियंत्रण एवं पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित करने के लिए जिला पर्यावरण संबंधित सूचना ४स्त्रीस्त्र पोर्टल पर अपलोड करने के सम्बन्ध में सम्बन्धित विभागों द्वारा उपलब्ध कराये गये सूचना पर समीक्षा की गयी। बैठक में वाहनों से जनित उत्सर्जन के नियन्त्रण हेतु किये गये उपायों की समीक्षा की गयी। ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन नियम, 2016 के अनुपालन के अन्तर्गत एम0आर0एफ0 सेन्टर निर्माण हेतु भूमि प्रबन्धन, साथ ही स्थानीय निकाय के विभिन्न क्षेत्रों से जनित नगरीय ठोस अपशिष्ट के एकत्रण तथा अन्तिम निस्तारण तक परिवहन किये जाने हेतु सेकेण्ड्री स्टोरेज फैसेलिटीज एवं उसकी कम्पोस्टिंग/आर0डी0एफ0, लिगेसी वेस्ट की स्थिति पर चर्चा करते हुए मुख्य विकास अधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

# वक्फ कानून का फायदा बताने हेतू भाजपा चलाएगी जनजागरुकता अभियान

वेलकम इंडिया




**झांसी।** विपक्ष ओर मुस्लिम संगठनों के नेताओं का आरोप है कि इस कानून बनने से मुस्लिम समाज की संपत्तियां ओर धार्मिक स्थलों को खतरा शुरू हो गया है। लेकिन यह बिल्कुल पूरी तरह से भ्रामक प्रचार है। यह बात भाजपा के कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल ने झांसी में भाजपा कार्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि वक्फ कानून बनने से वक्फ की संपत्तियों पर जो अवैध कब्जे है उन्हें खत्म करेगा। गरीब मुस्लिम वर्ग के लोगों को उनकी जमीन मिलेगी उनका हक मिलेगा। उन्होंने कहा कि बेहतर प्रबंधन से वक्फ की संपत्तियों से आय बढ़ेगी जिसका लाभ गरीब मुस्लिम वर्ग को मिलेगा। उन्होंने कहा कि वक्फ कानून पर मुस्लिमों के मन में कांग्रेस पार्टी सहित अन्य राजनीतिक दल गलत भ्रांतियां पैदा कर रहे है। मुस्लिमों के मन में इस गलत भ्रांतियां को दूर करने के लिए भारतीय जनता पार्टी मई से 5 मई तक जनजागरुकता अभियान चलाएगी। उन्होंने कहा कि हमारे सांसद, विधायक मौलानाओं, और भाजपा युवा मोर्चा मुस्लिम युवाओं, महिला मोर्चा मुस्लिम महिलाओं से मिलकर उन्हें वक्फ कानून की खूबियों की जानकारी और उससे होने वाले फायदे बताएंगे। इस दौरान सदर विधायक रवि शर्मा, जिलाध्यक्ष हेमंत परिहार, भाजपा नेता अमित साहू, भाजपा मीडिया प्रभारी सौरभ मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

## फरीदा बांगर में मच्छरों के बढ़ते प्रकोप से बचाव के लिए कराया गया फागिंग छिड़काव



वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर ऊंचागांव :** क्षेत्र के गांव फरीदा बांगर में मच्छरों के बढ़ते प्रकोप से निजात पाने के लिए गांव में फौगिंग छिड़काव कराया गया। इसके लिए गांव के प्रत्येक गली मोहल्लों में मच्छर निरोधी दवा का छिड़काव कराया जा रहा है। ग्राम प्रधान चंद्रप्रकाश सिंह ने बताया कि गांव में मच्छरों के बढ़ते प्रकोप से डेंगू मलेरिया जैसी घातक बीमारियों से बचाव के लिए फोगिंग छिड़काव कराया जा रहा है। इससे पूर्व भी 5 स्प्रे मशीनों द्वारा मच्छर निरोधी दवा का छिड़काव कराया गया था। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों द्वारा मच्छर के प्रकोप बढ़ने की जानकारी दी गई थी। जिसके तुरन्त बाद ग्राम प्रधान चंद्रप्रकाश सिंह ने मच्छरों से बचाव के लिए फोगिंग छिड़काव के लिए कदम उठाया है। उन्होंने बताया कि गांव को साफ सुथरा और स्वच्छ बनाने की दिशा में हर आवश्यक कदम उठाया जाएगा। फोगिंग छिड़काव की इस पहल का ग्रामवासियों ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बहुत दिनों से गांव में मच्छरों से बचाव के लिए फोगिंग छिड़काव की सख्त जरूरत थी।

# बीईओ स्वार ने किया परिषदीय विद्यालयों का औचक निरीक्षण

वेलकम इंडिया,



**टाण्डा जिला रामपुर।** सोमवार को स्वार ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार सक्सेना ने क्षेत्र के विभिन्न परिषदीय विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों और छात्रों की उपस्थिति की जांच करने के साथ ही छात्र-छात्राओं की शैक्षिक गुणवत्ता का भी आकलन किया।

निरीक्षण के दौरान प्राथमिक विद्यालय हजरत नगर में बच्चों के शैक्षिक स्तर का परीक्षण किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी ने कक्षा वार छात्रों से वार्ता कर प्रश्न पूछे, जिनके उत्तर संतोषजनक पाए गए। विद्यालय का समग्र वातावरण उत्तम पाए जाने पर प्रधानाध्यापक सईद रहमानी सहित समस्त स्टाफ की सराहना की गई। साथ ही विद्यालय को निपुण बनाने के लिए प्रधानाध्यापक एवं स्टाफ को बधाई दी गई। छात्रों की उपस्थिति भी बेहतर मिली तथा मध्याह्न भोजन मेनू के अनुसार उत्तम गुणवत्ता का बना पाया गया। प्राथमिक विद्यालय चंदूपुरा-2 के निरीक्षण में शिक्षिका कोमल अवकाश पर पाई गईं। निरीक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि लगभग तीन वर्ष पूर्व निर्मित विद्यालय भवन का फर्श टूट चुका है। इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा बीएसए को पत्र प्रेषित किया गया है। प्राथमिक विद्यालय गजरौला में निरीक्षण के समय समस्त स्टाफ उपस्थित मिला और विद्यालय की व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। वहीं, प्राथमिक विद्यालय रेका नगला में शिक्षिका नीतू सिंह मेडिकल अवकाश पर थीं, जबकि अन्य स्टाफ विद्यालय में उपस्थित मिला। खंड शिक्षा अधिकारी ने सभी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नियमित उपस्थिति और विद्यालयीय व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश दिए।

# नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

वेलकम इंडिया

**झांसी ! (टहरौली)।** ऑल इण्डिया पयाम ए इन्सानियत फोरम और यथार्थ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। आदर्श जनप्रिय इण्टर कॉलेज टहरौली में बाल रोग, स्त्री रोग, हड्डी रोग, जनरल फिजिशियन और चर्म रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों का उपचार किया गया। इसमें जांचें भी की गईं। मुख्य अतिथि के रूप में टहरौली थाना प्रभारी बृजेश कुमार मौजूद रहे। अध्यक्षता मुफ्ती इमरान नदवी ने की। इसके साथ ही फोरम की ग्रामीण शाखा टहरौली का गठन भी किया गया। इससे समाजसेवा के क्षेत्र में फोरम के कामों को यहां भी फैलाया जाएगा। इस दौरान इंजी रीतेश मिश्रा, दिनेश परिहार, सुनील शर्मा, अमित कुमार जैन, रिंकू दीक्षित, एजाज अहमद, अब्दुल कलाम, अरमान खान, अफजल खान, समीर खान,आमिर खान, मुबारक खान, इमरान खान, सन्तोष गोस्वामी आदि मौजूद रहे। आभार आरिफ किलेदार ने व्यक्त किया।




## बिड़हरघाट पर स्नान के दौरान सरयू नदी में डूबकर दो लोगों की मौत

वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** धनघटा के बिड़हरघाट पर स्नान के दौरान सरयू नदी में डूबने से दो लोगों की मौत हो गई। ये लोग अम्बेडकरनगर जिले के थाना जहांगीरगंज के हुसैनपुर खुर्द में एक वैवाहिक आयोजन में शामिल होने आए थे। स्नान के लिए यहां आए थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों को लगाकर घंटों बाद शवों को निकलवाया। मरने वालों में एक जिला सुल्तानपुर के थाना चांदा के रजवाड़ा रामपुर और दूसरा बस्ती जिले के गांव इमलिया थाना परशुरामपुर का निवासी था।

पुलिस के अनुसार आकाश मिश्रा पुत्र साकेत मिश्रा निवासी हुसैनपुर खुर्द थाना जहांगीरगंज जनपद आजमगढ़ ने धनघटा पुलिस को दूरभाष पर सूचना दी। बताया कि सरयू स्नान के लिए बिड़हरघाट पर आए थे। उनके साथ भूपेन्द्र सिंह पुत्र ज्ञान सिंह निवासी दिल्ली, अनु पुत्र स्व. महेन्द्र सिंह निवासी दिल्ली, शिवांश पुत्र अजय तिवारी निवासी तिवारीपुर, वरुण पाण्डेय पुत्र देवी प्रसाद पाण्डेय निवासी गोसाईगंज, रवि रावत पुत्र अशोक निवासी रजवाड़ा रामपुर थाना चाँदा जिला सुल्तानपुर, प्रणव पाण्डेय पुत्र विजयशंकर निवासी इमलिया गांव थाना परशुरामपुर जनपद बस्ती शादी समारोह में शामिल होने के लिए विजयभान मिश्रा पुत्र रामलक्षण मिश्रा निवासी हुसैनपुर खुर्द थाना जहांगीरगंज जनपद अम्बेडकरनगर के यहां आए हुए थे।

# डाल्हनपुर मे पेट्रोल पंप कर्मी की संदिग्ध हाल में मौत

वेलकम इंडिया/मोहम्मद कैफ



जौनपुर सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के डाल्हनपुर एक पेट्रोल पंप कर्मी की रहस्यमय परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया , अन्य कर्मियों कहना है कि यह फांसी लगाकर आत्महत्या की, जिसके चलते आत्महत्या हत्या के बीच गुत्थी उलझ गई ।

बता दे की डाल्हनपुर स्थित एक पेट्रोल पंप पर सरायख्वाजा के बड़ऊर गांव निवासी राधेश्याम बिन्द का 23 वर्षीय पुत्र प्रेमचंद बिन्द रात में पेट्रोल पंप पर काम करता था। लेकिन भोर में पेट्रोल पंप कर्मियों ने बताया कि नीम की डाली में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को जमीन पर पाया । नीम के पेड़ पर नहीं था यही सवाल खड़ा हो गया कि यह कैसे मरा ? सूचना पर सुबह परिजन भी पहुंच गए । परिजनों ने साजिशन हत्या का आरोप लगाना शुरू किया ,जिसके बाद जिले से फोरेंसिक टीम पहुंचकर घटना स्थल से साक्ष्य लिया,जिसमे मृतक के पास कटी रस्सी चप्पल व अन्य सामग्री एकत्रित कर लिया और जांच पड़ताल में जुट गई। वही पेट्रोल पंप कर्मियों का कहना है कि यह रस्सी सहारे फांसी लगाया था, जिसको हम लोग ने रस्सी काटकर शव को पहले उतार दिया । वहीं परिजनो का कहना था कि जब उसकी फांसी लगाने पर मौत हुई तो शव नीचे क्यो था । पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया । वहीं चर्चा है कि पेट्रोल पंप से 50 हजार से अधिक वह ड्रीम इलेवन ऑनलाइन गेम खेल गया था। जिसके लिए वह पैसा वापस नहीं कर पा रहा था, उसे परेशान किया जा रहा था। और प्रताड़ित होने के चलते वह फांसी लगाकर मर गया। तरह-तरह की चचार्एं हैं । आत्महत्या और हत्या के बीच गुत्थी उलझ चुकी है। परिजनों का कहना है साजिशन हत्या की गई है।

# आयुषी दीपिका ने किया क्षेत्र का नाम रोशन





वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर ऊंचागांव :** यू पी बोर्ड 2025 का परीक्षा परिणाम दिन शुक्रवार को घोषित कर दिया गया। ऊंचगांव क्षेत्र के गांव फरीदा बांगर में रहने वाली छात्रा कु.दीपिका ने बहुत ही कड़ी मेहनत और लगन के साथ हाई स्कूल की परीक्षा पास की। कु. दीपिका मॉडल इण्टर कॉलेज घुंघरावाली की छात्रा है। जिसने हाई स्कूल की परीक्षा में 493 ( 82.1 ) प्रतिशत अंक लाकर अपने मॉडल इण्टर कॉलेज और अपने गांव का नाम रोशन किया है। कु.दीपिका ने बताया कि वह अपनी सफलता का पूरा श्रेय अपने पिता सुभाष सिंह और मॉडल इण्टर कॉलेज घुंघरावाली के समस्त अध्यापक स्टाफ को देना चाहती हैं। जिन्होंने उनके साथ कड़ी मेहनत और लगन के साथ अच्छी शिक्षा दी है क्षेत्र के घुंघरावाली में इंटरमीडिएट की परीक्षा में आयुषी ने 409 ( 81.8 ) प्रतिशत अंक लाकर गांव और कॉलेज का का नाम गौरवविंत किया है। कु.आयुषी मॉडल इण्टर कॉलेज की छात्रा है।

# पहलगांव में हुई हत्याओं के विरोध में शिक्षको ने काली पट्टी बांध किया विरोध प्रदर्शन

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**




**नूरपुर :** जम्मू कश्मीर के पहलगांव में हुई आतंकवादी हत्याओं के विरोध में आर आर पब्लिक स्कूल के शिक्षकों ने विरोध प्रदर्शन कर अपने हाथों में काली पट्टी बांध कर विरोध जताया ।तथा दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने की मांग भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से की । जम्मू कश्मीर के पहलगांव में सैलानियों के साथ हुई निर्मम हत्याओं की इस घटना को लेकर समस्त देशवासियों में भारी आक्रोश व्याप्त ?है। इसी को लेकर स्कूली बच्चों और शिक्षकों ने नारेबाजी करते हुए भारी संख्या में विरोध प्रकट किया । प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता के नेतृत्व में स्कूल के शिक्षकों व स्कूली छात्र-छात्राओं ने इस हत्याकांड के खिलाफ अपना विरोध प्रकट किया और इस संबंध में एक दिन 29 अप्रैल को स्कूल बंद का फैसला किया ।विरोध प्रदर्शन के दौरान स्कूल के छात्र - छात्राओं ने हस्तलिखित तख्तियां लहराते हुए कहा कि न्याय के लिए आरोपियों को फांसी की सजा दी जाए। हिन्दूओं के खिलाफ हो रहें लगातार एक के बाद एक जुल्म और अन्याय को अब सहन नहीं किया जाएगा। हम सब को देश में हो रहे अन्याय के खिलाफ एकजुट होकर मजबूती के साथ लड़ना चाहिए। इस संबंध में दोषियों के खिलाफ फांसी की सजा की मांग की। उसके साथ ही निर्दोष सैलानियों की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन धारण किया गया। तथा शोकाकुल परिवार के लिए अपनी संवेदना व्यक्त की गई। पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए दोषियों को शीघ्र ही पकड़ कर फांसी की सजा दिए जाए। साथ ही सरकार ऐसे मामलों का संज्ञान लेकर एक नया कानून बनाए, जिसमें कम से कम फांसी की सजा का प्रावधान हो तथा भविष्य में ऐसी घटनाएं या अपराध देश में फिर कभी घटित न हो । विरोध प्रदर्शन करने वालों में स्कूल के चेयरमैन डॉ मनुजेंद्र गुप्ता , उप प्रधानाचार्य टीकम सिंह, संजीव डबास, नीरज त्यागी, अजय चौहान, वीरेंद्र चौधरी, गौरव चौहान, कपिल बब्बर प्राची चौहान, तरुण गर्ग, आदि शामिल रहे।

# हीट स्ट्रोक से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने ब्लाक स्तर तक के अस्पतालों को दिए निर्देश

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**



**बरेली।** स्वास्थ्य विभाग ने अस्पतालों को गर्मी के प्रभाव तथा इसकी वजह से होने वाले रोगों से बचाव की तैयारियां पूरी करने का निर्देश दिया है। जिसे लेकर बरेली में अस्पतालों को हीट स्ट्रोक के मरीजों के आने पर त्वरित कूलिंग करने की व्यवस्था करने के लिए कहा गया है। सभी ब्लाक स्तर तक के सभी अस्पतालों में हीट स्ट्रोक रोगियों के लिए आवश्यक दवाएं व अन्य सामग्री के साथ ही हीट स्ट्रोक कक्ष की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग ने सभी जिलों के डीएम और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को अस्पतालों में की जाने वाली व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तृत दिशानिर्देश जारी किए गए हैं। इसमें मौसम विज्ञान विभाग की रिपोर्ट के हवाले से कहा गया है कि मार्च से मई तक राज्य के मध्य और उत्तर पश्चिम भाग में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की आशंका है। ऐसे अस्पतालों में पर्याप्त मात्रा में शुद्ध और शीतल पेयजल उपलब्ध रहे। गर्मी से होने वाले रोगों के इलाज व बचाव की पूरी तैयारी अस्पतालों में कर ली जाए। कार्मिकों तथा फ्रंटलाइन वर्कर्स को प्रशिक्षित कर दिया जाए जिससे गर्मी के कारण होने वाले रोगों की पहचान व इलाज में कोई दिक्कत न हो। अस्पतालों की ओपीडी, वार्ड, रोगियों तथा तीमारदारों के लिए बने प्रतीक्षा स्थल, रैन बसेरा आदि में पंखे, कूलर, एयर कंडीशनर चलाने के निर्देश दिए गए हैं। गर्मी से होने वाले रोगों के इलाज के लिए आवश्यक औषधियों, इंट्रावीनस फ्लूइड, आइस पैक, ओरल रीहाइड्रेशन साल्ट (ओआरएस) पर्याप्त मात्रा में रखने के लिए कहा गया है। तापमान बहुत अधिक होने की स्थिति में यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि अस्पतालों में कूलिंग उपकरणों को निरंतर चलाने का इंतजाम रहे। छत पर हरियाली के माध्यम से अस्पतालों में अंदर के तामपान को कम रखने का प्रयास किया जाए।

# यूपी बोर्ड हाईस्कूल के नतीजे घोषित, अखिलेश 74.66% व गुलशन सैनी ने 67% अंक प्राप्त कर प्रथम श्रेणी में हुए उत्तीर्ण





**निर्मल सैनी वेलकम इंडिया**

**लखनऊ।** शुक्रवार को जारी हुए बोर्ड परीक्षा के परिणाम में अखिलेश 74.66% व गुलशन सैनी 67% अंक प्राप्त कर प्रथम उत्तीर्ण हुए।

आपको बता दें कि बीते शुक्रवार को यूपी बोर्ड रिजल्ट का इंतजार आखिरकार खत्म हो गया था। 10वीं और 12वीं बोर्ड की परीक्षा का परिणाम जारी हो गया था। रिजल्ट की घोषणा उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज के दफ्तर में प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से कर दी गई थी। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर रिजल्ट चेक करने का लिंक एक्टिव हो गया था।

जारी हुए परीक्षा परिणाम में ग्राम पंचायत सस्पन में स्थित सरस्वती बाल विद्या मंदिर स्कूल के बच्चों अखिलेश पुत्र सुखनंदन ने 448 अंक, व गुलशन सैनी पुत्र सत्यनारायण सैनी ने 402 अंक प्राप्त कर विद्यालय सहित माता पिता का नाम रोशन किया।

# कबीर जयन्ती पर सार्वजनिक अवकाश की मांग



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**बिजनौर :** भुइयार समाज उत्थान समिति बिजनौर के संस्थापक राजपाल सिंह भुइयार के नेतृत्व में संत शिरोमणि कबीर साहेब की जयन्ती पर ज्येष्ठ पूर्णिमा 11 जून को सार्वजनिक अवकाश की मांग हेतु मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी को सौंपा गया। गौरतलब है कि संत कबीर साहेब का भारतीय संस्कृति में अद्वितीय स्थान है । देश ही नहीं अपितु विदेश में भी कबीर साहेब के अनुयायी करोड़ों की संख्या में हैं । कबीर साहिब की जयंती पर देश के विभिन्न स्थानों पर अनेक कार्यक्रम एवं शोभा यात्रा आदि के आयोजन किये जाते हैं । राजपाल सिंह भुइयार ने बताया कि देश के पंजाब, हिमाचल प्रदेश एवं मध्य प्रदेश आदि राज्यों में ज्येष्ठ पूर्णिमा पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है । जबकि उत्तर प्रदेश के वाराणासी में संत कबीर साहेब की जन्मस्थली होने के बावजूद भी प्रदेश सरकार द्वारा सार्वजनिक अवकाश घोषित न किया जाना उचित प्रतीत नहीं होता है । जबकि उनके समकक्ष संत रविदास जी एवं संत गुरु नानक जी के प्रकट्योत्सव पर प्रदेश में सार्वजनिक अवकाश पहले से ही घोषित है ।उपरोक्त के संबंध में जनपद बांदा की नरैनी विधानसभा की विधायक ओममणि वर्मा ने विधानसभा बजट सत्र 2025 में सदन में कबीर साहेब जी की जयंती पर सार्वजनिक अवकाश की प्रदेश सरकार से मांग की गई है। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से बलवंत सिंह, बलजीत सिंह, करणपाल सिंह, सुभाष सिंह, शेर सिंह, भोपाल सिंह, कमलेश भुइयार, देवानंद भुइयार, विजयपाल सिंह, महेश कुमार, जितेंद्र सिंह, राकेश कुमार, सुंदरलाल, सुरेश कुमार, संदीप कुमार, पवन कुमार आदि मौजूद रहे।

# बरेली की बेटी गरिमा सिंह का चयन बेंगलुरु के आईआईएम में हुआ

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**



**बरेली।** देश के प्रतिष्ठित भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलुरु में बरेली की बेटी गरिमा सिंह का चयन टॉप रैंकिंग के साथ आईआईएम बेंगलुरु में हुआ है वह शहर के आईसीएसई बोर्ड के विद्यालय हॉटमैन कॉलेज की छात्रा रही है। आपको बता दे कि गरिमा सिंह बेसिक शिक्षा परिषद के कंपोजिट विद्यालय जोगीठेर में प्रधानाध्यापक के पद पर कार्यरत एवं राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक लाल बहादुर गंगवार की बेटी हैं। संप्रति वह गुड़गांव में मल्टीनेशनल कंपनी एडोब में सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं, देश की नामी प्रबंधन संस्थान में प्रवेश मिलने पर गरिमा सिंह व उनके परिवार को झारखंड के राज्यपाल महामहिम संतोष गंगवार तथा उनकी बेटी अर्बन बैंक की अध्यक्ष श्रुति गंगवार के साथ रिटायर्ड कर्नल सत्यदेव गंगवार आदि ने प्रसन्नता व्यक्त की और शुभकामनाएं दी है। गरिमा सिंह के पिता लाल बहादुर गंगवार ने बताया है कि बेटी ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान पटना से कंप्यूटर साइंस में बीटेक किया है, वह अभी हार्टमैन कॉलेज के सामने रहते हैं और मूल रूप से मीरगंज के गांव बल्ली के निवासी है।

# दीपिका सिंह ने नेशनल पावर लिफ्टिंग में जीता स्वर्ण पदक - डॉ योगेंद्र कुमार

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**




**हल्दौर :** हल्दौर डिग्री कॉलेज हल्दौर बिजनौर में बीकॉम द्वितीय सेमेस्टर में अध्यनरत दीपिका सिंह पुत्री संजीव कुमार निवासी सुमालखेडी ने कृष्णा कॉलेज बिजनौर में आयोजित नेशनल पावर लिफ्टिंग 72 केजी कैटेगरी में स्वर्ण पदक जीतकर अपने माता-पिता, गांव, महाविद्यालय व जनपद का नाम रोशन किया है जीत के उपरांत दीपिका सिंह हल्दौर डिग्री कॉलेज हल्दौर पहुंचकर अपनी खुशी जताई। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ योगेंद्र कुमार ने फूल मालाओं से उनका स्वागत किया, भविष्य में और प्रगति करने के लिए आशीर्वाद दिया। दीपिका सिंह ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि उन्हें ऑल ओवर में भी स्वर्ण पदक मिला है महाविद्यालय निदेशक डॉ अनुज कुमार ने अपनी खुशी का इजहार करते हुए बताया कि स्वर्गीय दिलावर सिंह मेमोरियल शिक्षा समिति ऐसी प्रतिभाओं को हमेशा सम्मान देती रहेगी। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त स्टाफ का भरपूर योगदान रहा।

# भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत की मासिक बैठक का आयोजन

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



तहसील प्रांगण नजीबाबाद में किया गया सर्वप्रथम भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत के पदाधिकारीयों में पहलगाम में निर्मम तरीके से मारे गए निर्दोष पर्यटकों की आत्मा की शांति के लिए मौन व्रत धारण किया, उसके बाद मीटिंग की कार्यवाही स्टार्ट की गई जिसमें खराब सड़कों ,अव्यवस्थित विद्युत व्यवस्था, तथा सहकारी समितियांयों द्वारा अचानक बढाई गए ब्याज को लेकर रोष जाताया गया ,जिला संगठन मंत्री चौधरी जगबीर सिंह जी के द्वारा बताया गया की विद्युत विभाग द्वारा एक लाइनमैन का एक माह पहले स्थानांतरण करने के बावजूद भी उसे उसकी नई पोस्टिंग पर नहीं भेजा गया जबकि वह लाइनमैन पिछले 15 सालों से एक ही विद्युत फीडर से संबध है ,मीटिंग में एक्शन बिजली को बुलाने के बावजूद विद्युत विभाग की तरफ से कोई अधिकारी मिटिंग स्थल पर नहीं पहुंचा उपजिला अधिकारी ने अपने अपने स्तर से समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया, क्षेत्रीय अधिकारी खाद्यान्न एवं रसद विभाग भी सभा स्थल पर पहुंचे और लंबित शिकायत का निवारण किया मिटिंग में उपस्थित पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष चौधरी सुखविंदर सिंह, तहसील अध्यक्ष सतपाल शर्मा, जिला महामंत्री जितेंद्र हुड्डा, जिला उपाध्यक्ष कुलदीप मोर और अतुल चौधरी, जिला संगठन मंत्री चौधरी जगबीर सिंह, जिला महासचिव विकास चौधरी जिला प्रचार मंत्री कपिल चौधरी, जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा कफील अंसारी, मिडिया प्रभारी शहजाद मलिक, नगर अध्यक्ष शेर अली, कोषाध्यक्ष सज्जाउद्दीन, सूरज कुमार, कृष्णा कुमार, आदेश शर्मा, तेजपाल सिंह, तहसील अध्यक्ष नगीना यूवा मोर्चा मोहम्मद आमिर आदि लोग रहे।

# ठा. प्रिया वल्लभ कुंज में द्विदिवसीय अष्टयाम सेवा सुख एवं ब्याहुला उत्सव 29 व 30 अप्रैल को

**वेलकम इंडिया**



**वृन्दावन।** छीपी गली/पुराना बजाजा स्थित प्राचीन ठा. प्रिया वल्लभ कुंज में श्रीहित उत्सव चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा द्विदिवसीय अष्टयाम सेवा सुख एवं ब्याहुला उत्सव ट्रस्ट के संरक्षक आचार्य विष्णुमोहन नागार्च के पावन सानिध्य में 29 व 30 अप्रैल 2025 को अत्यन्त श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ आयोजित किया जाएगा। ट्रस्ट के समन्वयक डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने बताया है कि महोत्सव के अंतर्गत 29 अप्रैल को प्रातः 04:30 बजे श्रीहित मंगल गान, गुरु वंदना, मंगल मोद-विनोद के पद, उत्थापन, मंगल भोग पदावली आदि के आयोजन होंगे ।तत्पश्चात 07:30 बजे मंगला आरती व वन विहार पद, होली उत्सव, श्रृंगार पद, वन विहार डोल उत्सव सगाई, राजभोग पद आदि कार्यक्रम सम्पन्न होंगे ।इसके अलावा अपरान्ह 04 बजे से वन विहार, उबटन, हल्दी, मेंहदी, कंगन, चुनरी, सिन्दूर, महावर, आशीष आदि कार्यकम आयोजित किए गए हैं। डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने बताया है कि 30 अप्रैल को सायं 05 बजे से निकुंज में ब्याहुला, रात्रि 08 बजे से शयन भोग, चयन आरती व शैय्या विहार आदि के आयोजन होंगे। श्रीहित उत्सव चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष आचार्य ललित वल्लभ नागार्च व महोत्सव के मुख्य यजमान राठौर परिवार, खरसिया (छत्तीसगढ़) ने सभी भक्तों-श्रद्धालुओं से इस महोत्सव में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

# नजीबुद्दौला गर्ल्स इंटर कॉलेज मे कुपोषण मुक्त भारत अभियान के तहत एकदिवसीय विशेष शिविर का आयोजन

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



जनपद बिजनौर नजीबाबाद दिनांक 28 4 2025 को नजीबुद्दौला गर्ल्स इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम इकाई के उत्साहित स्वयं सेविकाओं ने नजीबाबाद स्थित प्रेम धाम आश्रम हरिद्वार रोड में कुपोषण मुक्त भारत अभियान के तहत एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया इस शिविर का उद्देश्य स्थानीय समुदाय के बीच कुपोषण के दुष्प्रभाव के बारे में जागरूकता बढ़ाना और स्वस्थ आहार प्रथाओं को बढ़ावा देना था और कुपोषित वह विशिष्ट बालक बालिकाओं को पौष्टिक आहार वितरित किए सुबह 9:00 बजे प्रधानाचार्य शबाना परवीन के द्वारा रैली को झंडा दिखाकर कार्यक्रम का प्रारंभ किया ह इस शिविर में बड़ी संख्या में प्रेम धाम आश्रम के सभी छात्र मौजूद रहे तथा जिसमें विकलांग छात्रों ने अपने रंगारंग कार्यक्रम से सभी का मन मोह लिया दूसरी ओर स्वयं सेविकाओं ने विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जिसमें उन्होंने अपने माध्यम से पोषण संबंधी जानकारी दी शिविर में उपस्थित अतिथिगण माननीय फादर बिन्नी जी ,फादर शिबू जी ,फादर लिंटो जीमौजूद रहे जिन्होंने शिविर में आए लोगों को पोषण संबंधी जानकारी दी तथा प्रेम धाम आश्रम के अध्यापक नवीन जी, विजय कुमार जी व डॉक्टर थॉमस जी ने अपने विचार रखें राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी गजाला मुमताज ने इस पहल पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा हमारे स्वयंसेविकाओं ने कुपोषण मुक्त भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अत्यंत समर्पण और उत्साह दिखाया है इस शिविर के माध्यम से हम समुदाय के लोगों को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना चाहते हैं और यह बताना चाहते हैं।

# साहनपुर चौकी इंचार्ज द्वारा उत्पीड़न को लेकर थाना प्रांगण में पत्रकारो ने धरना दिया

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



जनपद बिजनौर नजीबाबाद। साहनपुर चौकी इंचार्ज द्वारा पत्रकार को झूठे मुक्दमे में फंसाने व उत्पीड़न को लेकर नगर के पत्रकारो नजीबाबाद थाना प्रांगण में धरना देकर पुलिस अधीक्षक बिजनौर नाम एक ज्ञापन थाना प्रभारी नजीबाबाद को सौंपा। ज्ञापन में पत्रकार संजीव ठाकुर ने पुलिस अधीक्षक बिजनौर को संबोधित करते हुए बताया की दिनांक 27 अप्रैल को प्रार्थी अपने कार्य से थाना न जीबाबाद आया था। ग्राम पुरषोत्तमपुर तहसील नजीबाबाद निवासी है मीडिया कर्मी को ग्राम के कुछ लोग बैठे हुए मिले, उन्होने बताया कि हमारी जमीन के एक मामला है। मैने थाने में मौजूद चौकी प्रभारी साहनपुर संदीप कुमार से जब पूछा तो दरोगा जी ने मुझसे इस मामले में लेनदेन कराने को कहा मना करने पर दरोगा जी भड़क पडे , और मेरे साथ अभद्रता करने लगे। और कहा कि तू बहुत बड़ा पत्रकार बन रहा है, तुझे मैं जेल भेज कर रहूंगा। चौकी प्रभारी ने अपने उच्चाधिकारियों को भ्रमित कर मेरे खिलाफ कानूनी कार्यवाही कर दी । जिससे मेरी समाज में छवि धूमिल हुई नगर के मीडिया कर्मियों ने चौकी इंचार्ज संदीप कुमार को तत्काल प्रभाव से निलम्बित करने की मांग की ।पांच दिन के भीतर यदि कार्यवाही नहीं हुई तो आंदोलन करने को मजबूर होंगे। मीडिया कर्मी मांग करते है ।धरने में इरफान अंसारी, नईम सिद्दीकी, अवधेश शर्मा, जितेन्द्र जैन, विकास आर्य, विपिन ठाकुर, कुलदीप राजपूत, कुलदीप मोर, अंकित शर्मा, नवाब अली, नौशाद सैफी, शाहनवाज अहमद, जुनैद अंसारी, खिजर अहमद, हिफ्जुर्रहमान फरीदी, सपना वर्मा, महमूद रजा, मुशर्रफ हुसैन, टी एस मलिक, शाकिर कुरैशी, शहजाद मलिक, इकबाल अहमद, मरगूब हुसैन नासिर, अभिनव अग्रवाल, मयंक कश्यप, राजवीर सिंह, सोनू आदित्य, अनुज कुमार शर्मा आदि रहे।

# पाकिस्तान के इशारे पर 26 निहत्थे लोगों की हत्या करना कायरता पुक हरकत है: बजरंग गर्ग

**वेलकम इंडिया**




**हरियाणा/हिसार(राजेश सलूजा) :** पाकिस्तान के इशारे पर आतंकवादियों द्वारा पहलगाम में 26 निहत्थे लोगों की हत्या करने के विरोध में ऑटो मार्केट पूर्ण रूप से बन्द रही और व्यापारी व मिस्त्री भाईयों ने पहलगाम में मारे गए लोगों के लिए श्रदांजलि सभा हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कांन्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग ने आतंकवादियों द्वारा पहलगाम में 26 निहत्थे लोगों की हत्या करने पर श्रदांजलि सभा कि।

श्रदांजलि अर्पित करते हुए उसे कायरता पुक कदम बताया। जिसके विरोध में पुरे देश में भारी रोष है। लातों के भूत बातों से नही मानते। पाकिस्तान के इशारे पर आतंकवादियों ने जो घिनौनी हरकत की है। भारत इस का मुँह तोड़ जवाब देगा। बजरंग गर्ग ने कहा कि 1971 में भारतीय सेना ने पाकिस्तान के अन्दर घूसकर पाकिस्तान को घूटने पर ला दिया था और पाकिस्तान के दो टुकड़े करके अलग बांग्लादेश बनाने का काम किया था। उसी प्रकार पाकिस्तान का ईलाज करने की जरूरत है। बजरंग गर्ग ने कहा कि पुरा देश केंद्र सरकार के साथ खड़ा है और आतंकवादियों के खिलाफ देश का हर नागरिक एकजुट है। भारत वो देश है जहां पर हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई एक छत के नीचे रहते है। केंद्र सरकार को आतंकवादियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए और आतंकवादी ठिकानों को खत्म करना चाहिए। ऑटो मार्केट के प्रधान रमेश वत्स व कुल प्रकाश गोयल बंटी नेआतंकवादियों द्वारा पहलगाम में मारे गए लोगों को श्रदांजलि अर्पित की और इस दुख की घड़ी में पुरा देश पीड़ित परिवार के साथ है। इस अवसर पर ऑटो मार्केट विश्वकर्मा सभा के प्रधान रमेश वत्स, ऑटो मार्केट स्पेयर पार्ट्स एसोसिएशन के प्रधान कुलप्रकाश गोयल बंटी, सचिव बलदेव ग्रोवर, कोषाध्यक्ष हंसराज नारंग, संरक्षक विजेन्द्र वत्स, व्यापार मंडल के प्रदेश सचिव निरंजन गोयल, प्रदेश युवा सचिव भरत सोनी, रोहन अरोड़ा, पुरानी अनाज मण्डी सुरेश सिंगला, सुरेश राजगढ़िया, विजय कटारिया, संजय महेशवरी, भगता मिस्त्री आदि आटो मार्केट के प्रतिनिधियों ने श्रदांजलि अर्पित की।

# डॉ. जीतेंद्र कुमार द्वारा ब्रेन बैलेंसिंग, स्ट्रेस मैनेजमेंट और परफॉर्मेंस एनहांसमेंट विषयों पर व्याख्यान

**वेलकम इंडिया**



**नई दिल्ली:** सोमवार को उत्तर-पूर्वी जिले के पुलिस उपायुक्त कार्यालय में आज एक विशेष प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें प्रसिद्ध मस्तिष्क वैज्ञानिक डॉ. जीतेंद्र कुमार ने ₹ब्रेन बैलेंसिंग₹, ₹स्ट्रेस मैनेजमेंट₹ और ₹परफॉर्मेंस एनहांसमेंट₹ जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्याख्यान दिया। इस सत्र में पुलिस अधिकारियों एवं स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया और इसे एक अत्यंत अच्छा तथा तनावमुक्त अनुभव बताया। डॉ. जीतेंद्र कुमार के मार्गदर्शन में उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने मानसिक संतुलन बनाए रखने और कार्य क्षमता को बढ़ाने के प्रभावी तरीकों को सीखा।

इस सत्र का उद्देश्य पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मानसिक संतुलन बनाए रखने, तनाव को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने और कार्य प्रदर्शन को बेहतर बनाने के नवीनतम वैज्ञानिक तरीकों से अवगत कराना था। सभी प्रतिभागियों ने सत्र के दौरान दी गई तकनीकों एवं सुझावों को अत्यंत उपयोगी और प्रभावी बताया। कार्यक्रम के पश्चात अधिकारियों और स्टाफ सदस्यों ने इसे एक सकारात्मक, ज्ञानवर्धक और तनावमुक्त अनुभव के रूप में वर्णित किया। श्री हरेश्वर वी. स्वामी, कढर, ऊउढ/उत्तर-पूर्व जिले* द्वारा डॉ. जीतेंद्र कुमार का आभार व्यक्त करते हुए कहा गया कि इस प्रकार के कार्यक्रम भविष्य में भी नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे, ताकि बल की मानसिक सशक्तता और कार्यक्षमता में निरंतर वृद्धि हो सके।

# संदीप चौहान ने पहलगाम आतंकी हमले पर जताया दुख

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**नूरपुर :** भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष संदीप चौहान ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले पर गहरा दुख व्यक्त किया है उन्होंने इस घटना को इंसानियत के खिलाफ बताते हुए सरकार से आतंकवादियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की है जो लोग ऐसे आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देते हैं उनको ऐसा सबक सिखाया जाए उनकी आने वाली न इसलिए सबक को याद रखें जिससे आतंकवादी पर अंकुश लगाया जा सके क्योंकि धर्म के आधार पर की जाने वाली किसी भी प्रकार की अपराधिक घटना काबिले बर्दाश्त नहीं है। इस घटना से पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है भारत सरकार को इस आतंकवादी घटना के लिए पाकिस्तान जैसे आतंकवादी पालने वाले देश के विरुद्ध सबसे सख्त कार्यवाही करनी चाहिए भविष्य में इस प्रकार का हमला करने वाले लोगों में उसके पालन कताओं को इस मानव विरोधी घटना को अंजाम देने से पहले हजार बार सोचने के लिए मजबूर होना पड़े।

# एमआईईटी में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत प्रमाणपत्र वितरण समारोह आयोजित

**उज्ज्वल रस्तोगी वरिष्ठ पत्रकार**



**मेरठ।** एमआईईटी में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 के अंतर्गत विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों के प्रमाणपत्र वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व निदेशक डॉ. संजय सिंह द्वारा किया गया, जिन्होंने प्रशिक्षुओं को सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण करने पर प्रमाणपत्र प्रदान किए।

इस अवसर पर सप्लाई चेन एसोसिएट, जूनियर सॉफ्टवेयर डेवलपर, क्लाउड कंप्यूटिंग - जूनियर एनालिस्ट जैसे विभिन्न पाठ्यक्रमों के बैचों से प्रशिक्षणार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समन्वयक रॉकी सचान ने समारोह के कुशल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। डॉ. संजय सिंह ने अपने संबोधन में प्रशिक्षुओं को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और कौशल विकास के ऐसे कार्यक्रमों के महत्व पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत प्रशिक्षणार्थियों को उच्च गुणवत्ता का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, जिससे वे अपने क्षेत्र में दक्ष और आत्मनिर्भर बन सकें। समारोह में संस्थान के वरिष्ठ ट्रेनों में रोहित अग्रवाल, जगबीर, शशांक गोयल और सहयोगी पुष्पेंद्र उपस्थित रहे। समारोह के सफल आयोजन ने संस्थान की प्रतिबद्धता को एक बार फिर रेखांकित किया कि वह युवाओं के कौशल विकास एवं उनके आत्मनिर्भरता के सपनों को साकार करने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

# आपत्ति जनक हालत में पकड़ युवक व महिला की पिटाई

**मिजार्मुराद।** क्षेत्र के एक गांव में रविवार की देर रात्रि दलित बस्ती के एक मकान में आए युवक को पड़ोसियों ने आपत्ति जनक हालत में पकड़ युवक व महिला की जमकर पिटाई कर पेड़ में बांध दिया।भोर में सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक व महिला को पकड़ कार थाना मिजार्मुराद ले गई। इस बावत चौकी प्रभारी कछवारोड गणेश पटेल से पूछने पर बताया की पुलिस युवक महिला को लाई है।तहरीर मिलने पर कार्रवाई होगी।वही युवक का पुलिस ने दोपहर में शांति भंग में चालान कर दी।वही पेड़ में बांधकर ग्रामीणों द्वारा युवक व महिला को मारने का वीडियो भी वायरल हो रहा है।

# नगर निगम ने बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालय को भेजा 353070 रुपये का बिल




**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**

**बरेली।** नगर निगम के कर विभाग ने बेसिक शिक्षा परिषद के कंपोजिट विद्यालय मॉडल किशोर बाजार को तीन लाख सत्तावन हजार सत्तर रुपये का बिल भेजा है। जिसके बाद विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने नगर शिक्षा अधिकारी बरेली को पत्र भेजकर बिल के भुगतान के लिए आग्रह किया है। आपको बता दें कि जनपद में नगर निगम के अधीन जितने भी परिषदीय विद्यालय आ रहे हैं उन सभी से अब नगर निगम ने टैक्स वसूलने की तैयारी कर ली है।एक विद्यालय पर जो संज्ञान में आया है 3 लाख से अधिक का बिल बकाया है तो पूरे नगर निगम क्षेत्र में सभी विद्यालयों पर नगर निगम का कितना बकाया होगा। यदि बेसिक शिक्षा परिषद इस तरीके से बिल के भुगतान के लिए अगर आगे आता है तो निश्चित ही नगर निगम के कोष में भारी बढ़ोतरी होगी। इसी प्रकार जनपद के अधिकांश विद्यालयों में बिजली के कनेक्शन तो है लेकिन कई वर्षों से बिजली के भुगतान नहीं हुए हैं जिसका एक अनुमान के मुताबिक करोड़ों में बकाया है। अब देखना होगा की नगर निगम के बाद बिजली विभाग भी अपने बिलों के भुगतान के लिए इन विद्यालयों को बिल भेजेगा।

# डीएम ने 02 निजी भवनों में संचालित चकबन्दी कार्यालयों को कलेक्ट्रेट परिसर में किया स्थापित



**विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया**

दिनांक 28 अप्रैल 2025 प्रतापगढ़। जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने 02 निजी भवनों में संचालित चकबन्दी कार्यालयों को जोत चकबन्दी अधिनियम की धारा-42 (2) में प्रदत्त अधिकारों के अधीन चकबन्दी अधिकारी सदर कार्यालयो को शासकीय भवन में स्थापित कर दिया है। उन्होने चकबन्दी अधिकारी सदर प्रथम व चकबन्दी अधिकारी सदर द्वितीय के कार्यालय जो निजी भवन स्टेशन रोड पर संचालित हो रहा था उसे नवीन स्थल कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित कर दिया है।

# दुर्गा मंदिर में माता की प्रतिमा की स्थापना दिवस यज्ञ और भंडारे का आयोजन

**वेलकम इंडिया**



**कांधला। मोहसीन रहमानी।** नगर में मनकामेश्वर महादेव दुर्गा मंदिर में माता की प्रतिमा की स्थापना दिवस यज्ञ और भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान नगर क्षेत्र के श्रद्धालु भारी संख्या में सम्मिलित रहे। अनुष्ठान पूर्ण होने पर श्रद्धालुओं को भंडारे का प्रसाद वितरण किया गया।

नगर के पूर्वी यमुना नहर स्थित प्राचीन सिद्ध पीठ मनकामेश्वर महादेव एवं दुर्गा मंदिर समिति के तत्वधान में माता दुर्गा की प्रतिमा स्थापना के दिवस को जन्मोत्सव के रूप में मनाया गया। मंदिर प्रांगण में पंडित सुरेंद्र शर्मा द्वारा का आयोजन किया। माता दुर्गा की विशेष पूजा अर्चना करने के पश्चात मंगल आरती कर वह अर्पित किया गया। यज्ञ अनुष्ठान संपूर्ण होने के बाद मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें नगर क्षेत्र के सैकड़ो श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर कमेटी के प्रबंधक एडवोकेट सचिन कुमार गोयल ने बताया कि प्रतिवर्ष माता दुर्गा की प्रतिमा स्थापना के उपलक्ष में यज्ञ और विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है। इस उपलक्ष में सोमवार को मंदिर प्रांगण में यज्ञ और भंडारे का आयोजन कर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान मांगेराम कश्यप, संजीव कुमार आडवाणी, नीटू चावला, राजेंद्र, विपिन, ईश्वर दयाल कंसल, गुलशन खन्ना, अंकुर, सहित सैकड़ो श्रद्धालु कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# माइक्रो क्रेडिट कंपनी में घुसे बदमाशों ने असलहे के बल पर लूटे 26 हजार रुपये

**वेलकम इंडिया**



**मिजार्मुराद।** क्षेत्र के तमाचाबाद पुलिस चौकी के पास सोमवार की दोपहर में हाईवे के किनारे बने मकान के ऊपर कमरे में चल रहे एक्सवे माइक्रो क्रेडिट प्राइवेट लिमिटेड के शाखा में पहुंचे दो बदमाशों ने असलहे के बल पर शाखा में मौजूद ब्रांच आफिसर को आतंकित कर कलेक्शन के रखे 26 हजार रुपये लूट लिये।लूट के बाद बदमाश असलहा लहराते हुए नीचे खड़े एक बाइक सवार बदमाश के साथ बैठकर कटरे से सटे एक पतली रोड से कछवां मिजार्पुर की तरह भाग निकले।पीड़ित द्वारा घटना की सूचना मिजार्मुराद पुलिस को दिया गया।सूचना पर डीसीपी गोमती जोन आकाश पटेल, आईपीएस नताशा गोयल, फोरेंसिक टीम, थाना प्रभारी मिजार्मुराद सुधीर कुमार त्रिपाठी समेत क्राइम ब्रांच प्रभारी मनीष मिश्रा मौके पर पहुंच सीसी फुटेज की जांच पड़ताल की।ब्रांच ऑफिसर अंकित सिंह ने बताया कि दोपहर में 1 बजे के करीब दो बदमाश हेलमेट लगाये हाथ असलहा लिये धमकाते हुए कलेक्शन का रखा पैसा लूटकर भाग निकले एक बदमाश बाईक पर खड़ा रहा।मिजार्मुराद पुलिस लूट की तहरीर लेकर जांच पड़ताल में जुट गई।इस बाबत थाना प्रभारी ने बताया कि बदमाशों की तलाश में क्राइम ब्रांच के साथ थाने की भी टीम लग गई है जल्द ही बदमाश पकड़ लिये जाएंगे।

# आरोपी की गिरफ्तारी न होने पर पलायन को मजबूर हुआ परिवार

**उज्ज्वल रस्तोगी वरिष्ठ पत्रकार**



**मेरठ।** क्षेत्राधिकारी दौराला को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की गई है। आरोप लगाया कि पुलिस द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की जा रही। जिससे पीड़ित परिवार द्वारा पलायन करने जा रहा है।

सतेन्द्र कुमार बाल्मिकी पुत्र फकीर चन्द वाल्मिकी निवासी ग्राम खड़ौली थाना कंकरखेड़ा ने बताया कि दानिश सैफी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था। तीन दिन गुजर जाने के बाद भी पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर रही। पार्षद पुत्र दानिश सैफी, पार्षद पति अनवर सैफी उसके परिवार पर केस में फैसला करने का दबाव बना रहे है। अन्य किसी झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दे रहे है। थाना-कंकरखेड़ा पुलिस जानबूझकर गिरफ्तारी नहीं कर रही है। दानिश सैफी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था, परन्तु करीब 2 घन्टे बाद सांठ गांठ करके थाने से ही छोड़ दिया। यदि आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती है तो उसका परिवार पलायन करने के लिए मजबूर हो जाएगा।

# पुलिस ओर गोकशों के बीच मुठभेड़, दो गोकशों को लगी गोली, चार गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया**





**कांधला। मोहसीन रहमानी।** ग्राम ब्रहमखेडा में जंगलों में तीन दिन पूर्व हुई गौकशी के मामले में पुलिस ने मुठभेड के बाद चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मुठभेड में दो बदमाश घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। पुलिस ने आरोपियों के पास से दो तंमचों के साथ गौकशी के उपकरण बरामद किए है।

क्षेत्र के गांव ब्रहमखेडा निवासी वीरसैन शनिवार को अपने खेतों में कार्य करने के लिए गया था। कार्य करने के दौरान दुर्गन्ध फैली होने से किसान व उसके साथ कार्य कर रहे लोगों को परेशानी हुई तो उन्होंने खेत के अंदर जाकर देखा तो खेत के अंदर एक गौवंश का सर व अन्य अवशेष मौके पर पडे थे। जिसकी सूचना वीरसैन ने अपने परिजनों के साथ ग्रामीणों को दी थी। मामले की सूचना पुलिस को दी गई, सूचना पर मौके पर पुलिस ने पहुंच कर ग्रामीणों से मामले की जानकारी ली, इसी दौरान हिन्दू संगठन के लोगों के पहुंचने पर एक बार मामला तनाव पूर्ण हो गया था। हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता अमित, सुमित, संजीव, सर्वेश गिरी निवासी शामली ने पुलिस को संयुक्त रूप से घटना के संबंध में अज्ञात गौ हत्यारे विरुद्ध मामला पंजीकृत कराया था। मामले में पुलिस ने कार्यवाही करते हुए रविवार की देर रात्रि मुखबिर की सूचना पर खन्द्रावली ठेके वाली नहर की पुलिया पर गौकशी करने के इरादे से खडे चार लोगों को आवाज दी तो उसी समय उन्होंने पुलिस पार्टी के ऊपर फायर कर दिया। पुलिस की जबाबी कार्यवाही में दो बदमाशों के पैरों में गोली लग जाने के कारण बाकी बचे साथियों ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। पकडे गए बदमाशों ने अपना नाम तौसीफ पुत्र अरशद व शोयब पुत्र तौफीक निवासी मौहल्ला छडियान कस्बा कैराना, समीर पुत्र हसन ग्राम खन्द्रावली तथा जीतू उर्फ सागर पुत्र बलजौर निवासी ग्राम रसूलपुर गुजरान बताया। मुठभेड के दौरान पुलिस की गोली से तौसीफ व शोयब घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। वही पुलिस ने आरोपियों के पास से दो तंमचे, दो जिंदा कारतूस, दो खोका कारतूस व गौकशी के उपकरण बरामद किए है। पकडे गए चारों आरोपियों के खिलाफ पूर्व में भी

# एससी अग्रवाल को मिला विद्या वारिधि सारस्वत ऑनरेरी डी .लिट .उपाधि सम्मान

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** मोदी कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ एस सी अग्रवाल को मिला विद्या वारिधि सारस्वत ऑनरेरी डी .लिट.उपाधि सम्मान देश की पावन स्थली परम धाम अयोध्या में पं. दीनदयाल उपाध्याय हिन्दी विद्यापीठ द्वारा विद्यापीठ के स्थापना दिवस पर राष्ट्रीय हिन्दी संगोष्ठी एवं विद्या वाचस्पति सारस्वत सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया।उक्त समारोह में हापुड़ निवासी और डॉक्टर के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज को शिक्षा ,समाज सेवा ,हिंदी लेखन ,सामाजिक जागरूकता कार्यक्रमों और पर्यावरण के क्षेत्र मे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा के आधार पर। शोधकार्यों ,सामाजिक कार्यों के लिए किये गये अतुल्य योगदान के लिये समारोह में आये अतिथियों द्वारा अति विशिष्ट विद्या वारिधि सारस्वत सम्मान ऑनरेरी डी .लिट. की उपाधि और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया । हिन्दी भाषा को राष्ट्रभाषा की मान्यता हेतु सतत प्रयासरत पं. दीनदयाल उपाध्याय हिन्दी विद्यापीठ , वृन्दावन धाम, मथुरा द्वारा को अयोध्या में आयोजित भव्य सम्मान समारोह में देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए विद्वत जनों को विद्या वाचस्पति सारस्वत सम्मान और विद्या वारिधि से सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि पदमश्री डॉ अरविंद कुमार कुलपति रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय झांसी , अध्यक्षता विद्यापीठ के कुलपति डॉ इन्दु भूषण मिश्रा देवेन्दु ने की तथा मुख्य वक्ता दीपा मिश्रा सुप्रसिद्ध कथावाचक वीरंदावन धाम मथुरा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ विश्वनाथ पाणिग्रही राष्ट्रीय पर्यावरण विद छत्तीसगढ़ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक संस्कृति के साथ दीप प्रज्वलित करके किया गया। सम्मान समारोह में देश के प्रतिष्ठित शिक्षाविदों , लेखकों , शिक्षकों, साहित्यकारों एवं अन्य विद्वत जनों ने हिन्दी भाषा को लेकर अपने विचार प्रकट किए। पं.दीनदयाल उपाध्याय हिन्दी विद्यापीठ का यह विशिष्ट सम्मान हिन्दी लेखन , शिक्षा के उन्नयन , पर्यावरण जागरूकता , चिकित्सा सेवा , जल संरक्षण , विधि सहायता एवं समाजसेवा के क्षेत्र में सम्मानित जनों की विशिष्ट उपलब्धियों के आधार पर मंचासीन अतिथियों द्वारा प्रदान किया गया। अभी हाल ही में भी डॉ एस सी अग्रवाल को संस्कृति पुरोधा शिक्षक सम्मान , अमृत कलश सम्मान, ग्रीन साइंटिस्ट अवार्ड सम्मान। से सम्मानित किया गया है

# ओवर लोडिग के कारण जहां जहां फाल्ट हो रहे है, उन स्थानों पर ज्यादा पावर के ट्रांसफार्मर लगाए जाए: दिनेश कुमार

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद अनिल वशिष्ठ)।** मथुरा कलेक्ट्रेट में दिनेश कुमार गोयल, सभापति प्रदेशीय विद्युत व्यवस्था संबंधी जांच समिति की अध्यक्षता में गार्ड ऑफ ऑनर के पश्चात समिति के सदस्यों के साथ एवं चन्द्र प्रकाश सिंह जिलाधिकारी मथुरा, मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, चीफ विद्युत विभाग व विद्युत विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ मिलकर जनपद मथुरा के विद्युत विभाग से सम्बन्धित कार्यो की समीक्षा बैठक की। सभापति दिनेश कुमार गोयल जी ने विद्युत विभाग की समीक्षा में पूछा शहरी/ग्रामीण क्षेत्रों में विगत एक वर्ष में कुल कितने ट्रांसफार्मर जले, उनकी मरम्मत में कितना व्यय हुआ, विद्युत लाइन लास कितने प्रतिशत है, लाइन ठीक कराये जाने की क्या व्यवस्था है व सब स्टेशन पर कितने कर्मचारी फीडर वार कार्यरत है इन सभी महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर सम्बन्धित अधिकारियों से वार्ता की। साथ ही अधिकारियों द्वारा रिकार्ड में की गयी त्रुटियों को भविष्य सही करने के निर्देश के साथ भविष्य में ऐसा न करने की चेतावनी दी गयी। साथ ही कहा कि विद्युत उपोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए विद्युत विभाग के उच्चाधिकारी सीधे जनता से संवाद करें और उनकी समस्याओं का निराकरण करें। उन्होने कहा कि जहां जहां ओवर लोडिग को लेकर फाल्ट हो रहे है उन स्थानों पर ज्यादा पावर के ट्रांसफार्मर लगाए जाए।इस मीटिंग के दौरान सभापति दिनेश कुमार गोयल के साथ विजय बहादुर पाठक, अश्वनी त्यागी, डॉ रतन पाल सिंह, जितेन्द्र सिंह सेंगर सदस्यगण विधान परिषद व जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, चीफ विद्युत विभाग व विद्युत विभाग से सम्बन्धित सभी उच्चाधिकारी मौजूद रहें।

# दहेज न लेकर विश्वजीत सिंह ने समाज के लिए अनूठी मिसाल पेश की



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** भीकनपुर निवासी युवक विश्वजीत ने अपनी सगाई समारोह में दहेज न लेकर समाज के लिए एक अनूठी मिसाल पेश की है। भीकनपुर गांव में विश्वजीत सिंह पुत्र अरुण सिंह कलकल परिवारिक रिश्ते में अजय प्रमुख के पोते की सगाई समारोह जिसमें लड़की पक्ष से भाई शिवम पुत्र चौ श्याम सिंह अहलावत तिलक को चढ़ाने मुजफ्फरनगर जिले से रैकडा (भोपा) गांव से आए थे। सगाई समारोह में लड़की पक्ष में 51 लाख रुपए कैश दे रहे थे। जिसको मौके पर लड़के विश्वजीत ने मना कर समाज के लिए एक अनूठी मिसाल पेश की है, और दहेज लेने के खिलाफ एक नई मुहिम छेड़ी। विश्वजीत के निर्णय की सभी लोग सराहना कर रहे हैं साथ ही यह भी कह रहे हैं कि अन्य युवाओं को भी विश्वजीत के निर्णय से प्रेरणा लेनी चाहिए।

# गुरुद्वारा श्री सिंह सभा गोविंदपुरी में विशाल लंगर सेवा का आयोजन किया गया

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** पंजाबी संगठन मोदीनगर के अध्यक्ष पद पर अजय ग्रोवर के पुनः निर्वाचित होने के उपलक्ष्य में गुरुद्वारा श्री सिंह सभा, गोविंदपुरी में एक विशाल लंगर सेवा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने ₹वाहेगुरु₹ का धन्यवाद करते हुए संगत के साथ मिलकर सिमरन किया और लंगर का प्रसाद ग्रहण किया।कार्यक्रम में लगभग 600 श्रद्धालुओं ने भाग लिया और पूरे श्रद्धा भाव से संगत में शामिल होकर आशीर्वाद प्राप्त किया।अजय ग्रोवर ने संगत को संबोधित करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया और कहा कि वह सभी के विश्वास और समर्थन के लिए दिल से आभारी हैं। उन्होंने वचन दिया कि संगठन के उत्थान और सेवा कार्यों के लिए पूरी निष्ठा और मेहनत से कार्य करते रहेंगे। इस विशेष अवसर पर महिला पंजाबी संगठन मोदीनगर की अध्यक्ष डॉ. शालिनी नैयर और अमित अरोड़ा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने अजय ग्रोवर जी को हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उनके नेतृत्व में संगठन की प्रगति की कामना की। पंजाबी संगठन की ओर से संजय नैयर, विजय मेहरा, डॉ. गौरव भाटिया, विवेक भाटिया, रमेश खुराना, आर. ढींगरा, नीरज बत्रा, राजीव नैयर, राजा छाबड़ा, संजीव गुलाटी, अमित कुमार, रोबिन, दीपक, राजकुमार ढींगरा, अमित अरोड़ा, अजय महेंद्रत्ता, अंशुल सचदेवा, सागर ढींगरा, रौनक, दुष्यंत खुराना, हनी ग्रोवर, एम.के. ग्रोवर और चिंटू पाठक सहित कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

# पड़ोसियों ने मारपीट कर लड़की को कुत्ते से कटवाया

उज्ज्वल रस्तोगी वरिष्ठ पत्रकार



**मेरठ।** सरधना थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की के साथ पड़ोसियों ने मारपीट कर उसे कुत्ते से कटवा दिया। यह घटना गांव दबूथवा गढ़ी में हुई। पीड़िता ने बताया कि पड़ोसियों से पुरानी रंजिश चल रही है। सुबह वह घर के पास सफाई कर रही थी। इसी दौरान पड़ोस के युवकों ने उस पर हमला किया। आरोपियों ने मारपीट की और अपने पालतू कुत्ते से उसे कटवा दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग जमा हो गए। पीड़िता ने बताया- 22 तारीख को पानी के विवाद को लेकर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस द्वारा कार्रवाई न करने से आरोपियों के हौसले बुलंद हो गए। इसी का नतीजा है कि उन्होंने फिर से हमला किया। पीड़िता ने मदद की गुहार लगाई है। उसका कहना है कि पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही है। एसएसआई शशांक द्विवेदी ने कहा कि मामले की जांच की जाएगी।

# एमबीएस इंडिया को मैन्युफैक्चरिंग में सर्वश्रेष्ठ इनोवेशन अवार्ड से किया गया सम्मानित



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** एमबीएस इंडिया को एमएसएमई चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया द्वारा विज्ञान भवन में एमएसएमई ग्लोबल प्लैटिनम बिजनेस एक्सीलेंस अवार्ड 2025 मैन्युफैक्चरिंग में सर्वश्रेष्ठ इनोवेशन अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार पद्म श्री जी.डी. यादव, डॉ. इंद्रजीत घोष और डॉ. संदीप मारवाह द्वारा दिया गया।एमबीएस इंडिया के चेयरमैन संदीप रोहिला व डायरेक्टर रीतू गोयल ने पुरस्कार के आभार व्यक्त किया है।

# धौलाना पुलिस एवं जनपदीय स्वाट टीम ने संयुक्त कार्यवाही कर कैब कार को बुक कर लूट करने वाले शातिर किस्म के लुटेरे को बाल अपचारी सहित किया गिरफ्तार

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार




हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वाहन चोरों/वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे। अभियान के तहत थाना धौलाना पुलिस एवं जनपदीय स्वाट टीम ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए थाने के मु0अ0सं0 104/2025 धारा 309(6), 317(2) बीएनएस का सफल अनावरण करते हुए एक बाल अपाचरी सहित 02 शातिर किस्म के वाहन चोर/लुटेरे समद पुत्र शहजाद निवासी ग्राम मिजार्पुर थाना विजयनगर, हाल पता-ताज कॉलोनी कस्बा थाना मसूरी गाजियाबाद, एक बाल अपचारी को गालन्द नहर पुल के पास से गिरफ्तार कर इनकी निशानदेही पर लूट से संबंधित नकदी,02 मोबाइल,02 डेबिट कार्ड,अन्य दस्तावेज और अवैध असलहा बरामद किए हैं। वहीं पुलिस पूछताछ के दौरान अभियुक्त समद ने बताया कि उसने अपने साथियों के साथ मिलकर दिनांक 21.04.2025 की रात्रि में 02.00 बजे रेलवे स्टेशन गाजियाबाद से एक कार अर्टिगा बुक कर पिपलैडा क्षेत्र में लाकर ड्राईवर से तमंचे के बल पर मारपीट करते वह लूटना स्वीकार किया है।

# नीलगाय से टकराने पर सड़क हादसे में बाइक सवार की दर्दनाक मौत परिवार में मचा कोहराम

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार



हापुड़/बाबूगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत एक सड़क हादसे में नीलगाय से टकराने पर बाइक सवार की 30 फीट गहरी खाई में गिरने पर हुई दर्दनाक मौत से परिवार में मचा कोहराम।आपको बता दें कि बाबूगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत अलीपुर नहर किनारे एक बाइक सवार युवक की नीलगाय से टकराने पर बाइक के अनियंत्रित होकर 30 फीट गहरी खाई में गिरने पर दर्दनाक मौत हो गई।

घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी विजय गुप्ता एवं फॉरेंसिक टीम घटनास्थल से मोबाइल बाइक साक्ष्य एकत्रित किए। जिसमें मोबाइल से मृतक युवक की पहचान अल्लाह बख्शपुर नीबडपुर निवासी विक्रांत के रूप में हुई है। मृतक युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर अग्रिम जांच की जा रही है। वही इस मामले को लेकर थाना प्रभारी विजय गुप्ता का कहना है की प्रथम दृष्टा मामला नीलगाय से टकराकर सड़क हादसे में युवक की मौत हुई है। लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही मौत होने का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

# क्षत्रिय महासभा द्वारा जनाक्रोश रैली आयोजित की गई



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** कश्मीर के पहलगांव में आतंकवादियों द्वारा लोगों की निर्मम हत्या के विरोध में क्षत्रिय महासभा द्वारा जनाक्रोश रैली आयोजित की गई। पहलगाम में मारे गए निर्दोष पर्यटकों की आत्मा की शान्ति के लिए मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। अरुण तोमर ने कहा कि यह हमला न केवल मानवता के खिलाफ है बल्कि हमारे देश की एकता, अखण्डता और संप्रभूता पर सीधा प्रहार है। धर्म पूछकर हत्या करना जैसी घटना ने समूचे देश को झकझोर कर रख दिया भारत सरकार से इस जघन्य हमले के दोषियों को शीघ्रातिशीघ्र पकड़कर उन्हें कड़ी से कडी सजा दी जाये। पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर प्रभावी कदम उठाए जाएं और विश्व समुदाय को इस विषय में जागरूक किया जाए। कश्मीर घाटी में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। इस मौके पर अरुण तोमर एस एम राठौर मोनू ठाकुर बलदेव सिंह वाई के सेंगर अजय ठाकुर मुकेश चौहान मिहान पुंडीर जितेंद्र चोकर मनोज चौहान धीरज सिंह आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सीएमओ ने किया प्राइमरी पाठशाला नगला धर्मा में टीडी टीकाकरण वैक्सीन कैंप का निरीक्षण तथा 10 एवं 16 वर्ष के सभी बच्चों का टीकाकरण कराया जाने के दिए

वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार



**हाथरस।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मंजीत सिंह द्वारा जनपद में चलाये जा रहे स्कूल बेस टीडी वैक्सीनेशन कैम्पेन के तहत प्राइमरी पाठशाला नगला धर्मा ब्लॉक मुरसान का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान डॉ चन्द्रवीर सिंह प्रभारी चिकित्सा अधिकारी सामु स्वास्थ्य केन्द्र मुरसान, बृजेश कुमार, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी सामु0स्वास्थ्य केन्द्र मुरसान तथा डॉ प्रीती रावत एसएमओ डब्लूएचओ भी उपस्थित रहे। स्कूल में कुल 50 विद्यार्थी रजिस्टर्ड थे।इसमें 10 वर्ष व 16 वर्ष के 8 विद्यार्थियों को टीडी का टीका लगाकर विद्यार्थियों को आच्छादित किया गया था, ग्राम में स्कूल के अतिरिक्त अन्य 10 वर्ष व 16 वर्ष के बच्चों का टीडी वैक्सीन के तहत टीकाकरण नहीं हुआ था जिस पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि वह ग्राम में छूटे बच्चों को शत प्रतिशत टीडी वैक्सीन से अच्छादित किया जाना सुनिश्चित करें। इसके बाद मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा ग्राम विचपुरी ब्लॉक मुरसान का निरीक्षण किया गया।प्राथमिक विद्यालय विचपुरी में एएनएम टीकाकरण कार्य करती हुई पायी गयीं। विद्यालय में कुल 1 बच्चे का टीकारण हुआ था परन्तु एएनएम द्वारा आशा के माध्यम से ग्राम के अन्य बच्चों को कुल 11 बच्चों के टीडी के टीके और लगाये थे जिस पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा संतोष व्यक्त किया गया ।मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मुरसान तथा स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मुरसान को निर्देशित किया गया कि वह प्रतिदिन सुंबह 8 बजे से 11 बजे तक टीकाकरण सत्रों का निरीक्षण करेंगे तथा 10 एवं 16 वर्ष के सभी बच्चों का टीकाकरण कराया जाना सुनिश्चित करेंगे। अन्यथा की स्थिति में आवश्यक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। हीटवेव को देखते हुये सभी आवश्यक दवायें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर उपलब्ध रहे तथा सभी चिकित्सा अधिकारी अपने-अपने मुख्यालय पर निवास करे। बिना अनुमति लिये कोई भी चिकित्सा अधिकारी मुख्यालय को न छोडें। नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के अन्तर्गत एमआर प्रथम तथा एमआर द्वितीय का टीकाकरण शत-प्रतिशत किया जाये जिससे कि खसरे, रूबैला जैसी बीमारियों से बच्चों को बचाया जा सके।

# मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में एफ0पी0ओ0 की एक बैठक सम्पन्न

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय, विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी महोदय श्री अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में एफ0पी0ओ0 की एक बैठक का आयोजन किया गया।

जिसमें एफ0पी0ओ0 द्वारा किये जा रहें क्रिया क्लापों पर विस्तृत चर्चा की गयी। जायद–2025 में गन्ने के साथ सहफसली खेती करने वाले एफ॰पी॰ओ॰ यथा मुरादनगर फ्रूटस फार्मर प्रोडयूसर कम्पनी लिमिटेड तथा भोजपुर शुगरकैन फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड द्वारा अवगत कराया गया कि गन्ने के साथ मिर्च, गन्ने के साथ उर्द एवं मूंग, गन्ना के साथ मिर्च एवं टमाटर की सहफसली खेती की जा रही है। मण्डी समिति में आवंटित दुकानों के माध्यम से सब्जियों के विक्रय के सम्बन्ध में सचिव मन्डी समिति द्वारा एफ॰पी॰ओ॰ से अपेक्षा की गयी कि मुख्य द्वार पर एफ॰पी॰ओ॰ के होर्डिग एवं बैनर लगा दिये जाये, जिससे अधिक से अधिक लोग को इसकी जानकारी हो सके।

# झारखंड से लाकर एनसीआर में स्मैक की तस्करी करने वाले दो तस्कर गिरफ्तार

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** क्राइम ब्रांच गाजियाबाद और थाना लोनी पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए अंतरराज्यीय स्मैक तस्करों के एक बड़े गिरोह का पदार्फाश किया है। पुलिस ने झारखंड से तस्करी कर लाई जा रही 320 ग्राम स्मैक के साथ दो तस्करों को निठौरा अंडरपास से गिरफ्तार किया। बरामद स्मैक की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 32 लाख रुपये आंकी गई है।पूछताछ में गिरफ्तार तस्कर विनोद कुमार डांगी और अमित वर्मा ने खुलासा किया कि वे झारखंड के चतरा जिले से स्मैक लाकर गाजियाबाद, दिल्ली, एनसीआर, हरियाणा, राजस्थान और पंजाब में सप्लाई करते थे। दोनों तस्कर पहले मजदूरी करते थे, लेकिन अधिक कमाई के लालच में नशे के कारोबार से जुड़ गए। अभियुक्तों ने बताया कि वे बस और ट्रेनों से स्थान बदल-बदल कर स्मैक की तस्करी करते थे और तय स्थान पर माल की डिलीवरी देते थे।पुलिस पूछताछ में तस्करों से मादक पदार्थों के अन्य बड़े नेटवर्क के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारियां मिली हैं, जिनके आधार पर आगे की कार्रवाई जारी है। गाजियाबाद पुलिस की इस सफलता से जिले और आसपास के क्षेत्रों में नशे के कारोबार पर लगाम लगाने में मदद मिलेगी।

# शेयर ट्रेडिंग के नाम पर बुजुर्ग से साढ़े आठ लाख रुपये की ठगी

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** साइबर अपराधियों ने शेयर ट्रेडिंग के नाम पर बुजुर्ग से साढ़े आठ लाख रुपये ठग लिए। साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नेहरू नगर स्थित गुलमोहर एनक्लेव सोसाइटी में रहने वाले संजय आर्या का कहना है कि 20 फरवरी को वह फेसबुक के माध्यम से व्हॉट्सऐप पर रिया बंसल नाम की महिला के संपर्क में आए। उसने उन्हें शेयर्ड टीएम-70 नाम के व्हॉट्सऐप ग्रुप में जोड़ा।

उसने बताया कि वह एचएसबीसी सिक्योरिटीज प्राइवेट लिमिटेड के जरिय शेयर ट्रेडिंग करने पर वह रोजाना 15 से 20 फीसदी मुनाफा कमा सकते हैं। रिया बंसल ने उन्हें एक फार्म भेजा, जिसे भरकर उन्होंने वापस भेज दिया। इसके बाद उसने बताया गया कि वह थर्ड पार्टी ब्रोकर खाते में रकम ट्रांसफर करेंगे। उसने कहा कि वह एचएसबीसी ऐप के जरिये निवेश करेंगे और वह अपनी धनराशि कभी भी निकाल सकते हैं। यह रकम दो से 24 घंटे में उनके खाते में पहुंच जाएगी। संजय आर्या का कहना है कि 27 फरवरी 2025 को उनके पास एचएसबीसी सिक्योरिटीज एंड कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड का एक फॉर्म भेजा गया। उस पर अमित सचदेवा के हस्ताक्षर थे। फार्म में 15 से 25 फीसदी रिटर्न का आश्वासन दिया गया था।

संजय आर्या का कहना है कि अन्य औपचारिकताएं पूरी करने के बाद उन्होंने चार मार्च को 25 हजार रुपये से निवेश शुरू किया। उन्हें ऑनलाइन लाभ दशार्या गया था। दस मार्च को उन्होंने 29 हजार 740 रुपये निकाल लिए।

# राष्ट्रीय व्यापार मंडल ने भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल का भव्य स्वागत किया

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय व्यापार मंडल (रजि.) गाजियाबाद के जिलाध्यक्ष बालकिशन गुप्ता 'बालू भाई' एवं राष्ट्रीय सचिव प्रदीप चौधरी के नेतृत्व में सैकड़ों व्यापारियों ने भाजपा के नवनिर्वाचित महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। यह स्वागत समारोह मयंक गोयल के राष्ट्रीय व्यापार मंडल की टीम के साथ प्रथम गरिमामय उपस्थिति के अवसर पर आयोजित किया गया, जिसमें व्यापारियों ने फूल-मालाओं, पगड़ी पहना कर और उत्साहपूर्ण जयघोष के साथ प्रतीक चिन्ह भेंट कर अध्यक्ष का अभिनंदन किया। कार्यक्रम के दौरान व्यापारियों ने मयंक गोयल को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में गाजियाबाद महानगर भाजपा संगठन और अधिक सशक्त, ऊजार्वान और जनहितैषी बनेगा। राष्ट्रीय व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष बालकिशन गुप्ता 'बालू भाई' ने कहाः ?मयंक गोयल जैसे ऊजार्वान, संगठनकर्ता और सबको साथ लेकर चलने वाले नेता का भाजपा महानगर अध्यक्ष बनना न केवल पार्टी के लिए बल्कि व्यापारी समाज के लिए भी शुभ संकेत है। उनके नेतृत्व में निश्चित रूप से व्यापारियों की समस्याओं का समाधान और सहभागिता को नई दिशा मिलेगी। राष्ट्रीय व्यापार मंडल सदैव उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करता रहेगा। इस अवसर पर राष्ट्रीय व्यापार मंडल के विभिन्न पदाधिकारी, व्यापारी संगठन से जुड़े गणमान्य व्यापारी, युवा उद्यमी एवं सामाजिक कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का वातावरण व्यापारिक एकता, संगठनात्मक ऊर्जा और राष्ट्रहित के संकल्प से ओत-प्रोत रहा।

# वैशाली में स्त्री अस्तित्व पर प्रज्ञा आर्ट्स में हुआ विचार मंथन



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** वैशाली सेक्टर-4 स्थित प्रज्ञा आर्ट्स के तत्वावधान में सोमवार को स्त्री वार्ता विषय पर एक विशेष कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य फोकस पुरुष प्रधान समाज में महिला अस्तित्व, उसकी भूमिका और उसकी अहमियत को रेखांकित करना रहा। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा नेता और पूर्व पार्षद डॉ. मनोज गोयल ने अपने संबोधन में कहा, महिलाएं समाज की रीढ़ हैं। जब तक महिलाएं शिक्षित, सशक्त और आत्मनिर्भर नहीं होंगी, तब तक किसी भी समाज या राष्ट्र की समृद्धि संभव नहीं है। हमें महिलाओं को सिर्फ अधिकार देना ही नहीं, बल्कि उन्हें सम्मान और समान अवसर भी सुनिश्चित करने होंगे। पार्षद अनुज त्यागी ने भी कार्यक्रम में भाग लेते हुए महिला सशक्तिकरण की दिशा में प्रज्ञा आर्ट्स जैसे संगठनों के प्रयासों की सराहना की और इसे समाज में सकारात्मक बदलाव की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। प्रज्ञा आर्ट्स की ओर से लक्ष्मी रावत और मंजू पुरोहित ने संस्था के सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यों की जानकारी साझा की।

# नगर निगम ने डूंडाहेड़ा में 40 हजार वर्ग मीटर जमीन कराई कब्जामुक्त

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** नगर निगम के संपत्ति विभाग ने सोमवार को क्रॉसिंग रिपब्लिक से सटे डूंडाहेड़ा में 40 हजार वर्ग मीटर जमीन कब्जामुक्त कराई। जमीन की कीमत 200 करोड़ रुपये है। इस पर कई लोग खेती कर रहे थे। निगम टीम ने विरोध के बीच फसल पर जेसीबी और ट्रैक्टर चलाकर जमीन खाली कराई। शहरी क्षेत्र में निगम की काफी जमीन है। इस पर कई जगह लोगों ने कब्जा कर रखा है। क्रॉसिंग रिपब्लिक से सटे डूंडाहेड़ा में 40 हजार वर्ग मीटर जमीन पर कई लोगों का कब्जा था। लोग मालिकाना हक जताकर खेती कर रहे थे। निगम के संपत्ति विभाग ने पूर्व में जमीन खाली कराई थी, लेकिन लोगों ने फिर से कब्जा कर फसल की बुआई कर डाली। इस समय सरसों, गेहूं और अन्य फसल की खेती की जा रही थी। सोमवार को संपत्ति प्रभारी पल्लवी सिंह और संपत्ति अधीक्षक रमाशंकर जमीन पर कब्जा लेने पहुंचे। लोग निगम टीम का विरोध करने लगे। वह मालिकाना हक के सभी दस्तावेज नहीं दिखा सके। निगम टीम ने जैसे ही जेसीबी और ट्रैक्टर को फसल पर चलाने का प्रयास किया तो लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने लोगों को समझा बुझाकर शांत किया। इसके बाद निगम टीम ने फसल पर जेसीबी और ट्रैक्टर चलाया। इसके बाद जमीन खाली कराई गई। कब्जामुक्त जमीन की कीमत 200 करोड़ रुपये बताई जा रही है।

# विश्व पशु चिकित्सा दिवस के अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** विश्व पशु चिकित्सा दिवस के अवसर पर दुगार्देवी सभागार विकास भवन गाजियाबाद में आयोजित पशुओ से मनुष्यों में फैलने वाली जूनोटिक बीमारियों के प्रति वेट्स क्लब गाजियाबाद एवं ऑरिन्को हेल्थ केयर प्राईवेट लिमिटेड द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में पशुपालन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, वन विभाग, जिला पंचायत विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, नगर विकास विभाग के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी महोदय ने किया और वेट्स क्लब, पशुपालन विभाग के संयुक्त सहयोग से आयोजित कार्यक्रम की सराहना की। डॉक्टर डीपी सिंह ने वन हेल्थ कॉन्सेप्ट के ऊपर अपने विचार रखें जो आज की तारीख में बहुत ही प्रासंगिक है। बिना वन हेल्थ कांसेप्ट को अपनाये हम संपूर्ण पृथ्वी पर मनुष्य, पशु पक्षी, पेड़ पौधों एवं पर्यावरण को सुरक्षित और बीमारी मुक्त नहीं कर सकते हैं। बायोमेड कम्पनी के सीईओ डा0एस पी गर्ग, ओरिन्को फार्मा के एमडी डा0अभय कुमार भट्टाचार्य ने भी विभिन्न जूनोटिक बीमारियों के फैलने के तरीके तथा बचाव के उपाय की जानकारी दी। डा0डी पी सिंह ने कहा कि पशुपालन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, वन विभाग और पर्यावरण विभाग संयुक्त प्रयास से बीमारियों के प्रसार पर प्रभावी नियंत्रण सम्भव है। यही विश्व पशुचिकित्सा स्वास्थ संगठन का वन हैल्थ कॉनसेप्ट है जिसे सरकार ने 2020 में लागू किया था लेकिन प्रभावी रूप से क्रियान्वित करने की आवश्यकता है। बीमारियां पशुओं से मनुष्य में, मनुष्य से पेड़ पौधों, जंगली पशु पक्षियों में, तथा एक दूसरे में संचरण करती है। इसलिए केवल स्वास्थ्य विभाग अथवा पशुपालन विभाग बीमारियों को समूल समाप्त नही कर पाते है। सामूहिक प्रयास ही काफी हद तक बीमारियों को समाप्त करेगा। कार्यक्रम में पधारे पशु पालन विभाग के अपर निदेशक मेरठ मंडल डॉ0मनोज अग्रवाल ने भी प्रतिभाग किया और विश्व पशुचिकित्सा दिवस के अवसर पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम को सराहा। मुख्य विकास अधिकारी ने अपने संबोधन में पशुपालन, स्वास्थ्य, नगर विकास विभाग, कृषि विभाग, ग्राम्य विकास विभाग द्वारा सम्मिलित प्रयास कर बीमारियों के नियंत्रण हेतु आयोजित जागरूकता कार्यक्रम की सराहना की तथा भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। जूनोटिक बीमारियों के नियंत्रण के लिए सोशल मीडिया, गोष्ठियों समाचार पत्रों के माध्यम से आम जनता तक महत्वपूर्ण जानकारी को पहचाने का सुझाव दिया तथा कहा कि अपने आंकड़े भी आपस मे शेयर करें जिससे समस्याओं का निराकरण में अन्य संबंधित विभाग सहयोग कर सके। कार्यक्रम के समापन पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ एस पी पाण्डेय ने मुख्य विकास अधिकारी एवं सभी आगंतुकों, वरिष्ठ पशुचिकित्सा विदों, फार्मास्युटिकल कंपनी के अधिकारियों, वेट्स क्लब के सदस्यों, पशुचिकित्सा अधिकारियों, अधिशासी अधिकारियों, खण्ड विकास अधिकारियों, जिला पंचायत राज अधिकारी, उप निदेशक कृषि, जिला कृषि अधिकारी, अपर मुख्यचिकित्सा अधिकारी, पशुचिकित्सा कल्याण अधिकारी आदि सभी अधिकारियों को धन्यवाद व आभार ज्ञापित किया।

# आरडीसी स्थित आदित्य बिल्डिंग में लगी भीषण आग, भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने तत्परता से संभाला मोर्चा

वेलकम इंडिया





**गाजियाबाद।** आज आरडीसी क्षेत्र स्थित आदित्य बिल्डिंग में अचानक भीषण आग लगने की सूचना मिलते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता द्वारा तत्काल जानकारी प्राप्त होते ही भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने बिना देर किए घटनास्थल की ओर रुख किया। मयंक गोयल ने मौके पर पहुँचते ही फायर ब्रिगेड और पुलिस प्रशासन को तत्काल सूचित किया। उनकी तत्परता और संवेदनशीलता के चलते अग्निशमन दल और प्रशासनिक अधिकारी तुरंत सक्रिय हुए और आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू किए। घटना स्थल पर मयंक गोयल स्वयं मौजूद रहकर राहत और बचाव कार्यों की निगरानी करते रहे। स्थानीय लोगों और व्यापारियों ने आपातकालीन स्थिति में उनके सक्रिय और संवेदनशील नेतृत्व की सराहना की। आसपास के नागरिकों में उनके सेवा भाव और मुस्तैदी की चर्चा व्यापक रूप से हो रही है। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है और प्रशासन राहत कार्यों में जुटा हुआ है।

# सांसद अतुल गर्ग ने 60 इंदिरापुरम निवासियों को कराया संसद भवन का दर्शन

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** अपने क्षेत्रवासियों के लिए सांसद अतुल गर्ग ने एक और अनुकरणीय पहल करते हुए सोमवार को इंदिरापुरम के 60 नागरिकों को संसद भवन का दर्शन कराया। मंडल अध्यक्ष मंजुला गुप्ता के नेतृत्व में यह ग्रुप संसद पहुँचा, जहां उन्होंने देश के लोकतंत्र के सर्वोच्च मंदिर का अवलोकन किया और संसदीय कार्यप्रणाली को नजदीक से समझा। सांसद अतुल गर्ग ने न केवल संसद दर्शन की व्यवस्था करवाई, बल्कि सभी प्रतिभागियों के लिए स्वादिष्ट भोजन का भी विशेष प्रबंध किया। इस अवसर पर प्रतिभागियों के चेहरों पर विशेष उत्साह और गर्व देखने को मिला। सभी ने सांसद अतुल गर्ग का दिल से आभार व्यक्त किया और इस अविस्मरणीय अनुभव के लिए उनका धन्यवाद किया। संसद दर्शन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मंजुला गुप्ता, अजय गुप्ता, अक्षत गुप्ता, देवाशीष दत्ता, सुशील कुमार सिंह, जयश्री, कविता शर्मा, गायत्री पांडे, प्रिया सिंह, परमशील, श्यामवीर शर्मा, धीरज शर्मा, रीता, बबीता सिंधल, सुषमा ठाकुर, चित्र गुप्ता, पूनम मेहरा, दीपक मेहरा, नवीन कुमार, गीता गुप्ता, बांदा छाबड़ा, संजीव शर्मा, सत्येंद्र सिंह यादव, पूनम बंसल, कविता सिंह, प्रशांत राघव, अनिल मेहंदी रत्ता, दिव्यांश भटनागर, पंकज कुमार बघेल, नेहा जैन, अरुण गुप्ता, साधना राय, आभा चौहान, सतवीर शर्मा, नीतू धमन, विपिन वर्मा, पंकज जैन, विमला रावत, भारती, संध्या, साधना गुप्ता, राकेश गुप्ता, संजीव मोहन गुप्ता, ऋषिकांत पाठक, नरेश अरोड़ा, सचिन त्यागी, आकाश वर्मा, अंजली वर्मा, वीरेंद्र प्रताप श्रीवास्तव, प्रवीण कुमार, नीता राय, सुषमा रानी, नवनीत मित्तल, वत्सल मित्तल, दिग्विजय सिंह, नवदता तिवारी, सुषमा गंगवार, अनिल कटारिया एवं प्रदीप गुप्ता शामिल रहे।